आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 09 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष -42 ■ अंक-011 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## मरते हुए व्यक्ति के होठों पर सत्य निवास करता है : हाईकोर्ट

### इसलिए आरोपी पति को भुगतनी होगी उम्र कैद की सजा, चरित्र शंका पर पत्नी को जलाकर मार डाला था

**बिलासपुर,9 अप्रैल**

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के पांडातराई में चरित्र पर आशंका के चलते पति ने पत्नी पर केरोसीन डालकर जिंदा जला दिया। आग से जलती हुई महिला ने तालाब में कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश भी की, लेकिन वह नहीं बच सकी। पति उसे जलते हुए देखता रहा। हाई कोर्ट ने आरोपी पति की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखते हुए निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, मरते समय इंसान झूठ नहीं बोलता। छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने हत्या के दोषी पति की अपील खारिज कर दी है। डिवीजन बेंच ने ट्रायल कोर्ट के उम्रकैद के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा है, मृत्यु पूर्व बयान अपने आप में दोषसिद्धि का ठोस आधार है, कोर्ट ने कहा, मरते हुए व्यक्ति के होठों पर सत्य निवास करता है। पांडातराई निवासी आरोपी संतोष उर्फ गोलू श्रीवास्तव ओर पत्नी लता के बीच आए दिन विवाद होते रहता था। विवाद की वजह संतोष अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। घटना के दिन दोनों के बीच फिर



इस बात को लेकर विवाद हुआ। संतोष ने घर कर दरवाजा अंदर से बंद कर दिया और पत्नी लता के ऊपर कैरोसिन डालकर आग लगा दी। आगजनी की इस घटना में लता बुरी तरह झुलस गई थी, इसी हालत में वह बचने के लिए घर के पास स्थित तालब में कूदकर जान बचाने की कोशिश की। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिंदगी और मौत के बीच झूल रही लता काअस्पताल में इलाज चल रहा था, उसकी स्थिति को देखते हुए मृत्यु पूर्व बयान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को भेजा गया। मजिस्ट्रेट के सामने लता ने अपने बताया, पति ने उसके ऊपर कैरोसिन डालकर आग लगा दी थी। तकरीबन 21 दिनों तक लता का अस्पताल में इलाज चला। 9 दिसंबर 2019 को "सेप्टिक शॉक" के कारण उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच और महिला के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सामने मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर आरोपी पति संतोष श्रीवास के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर, गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने तय समय पर ट्रायल कोट के समक्ष आरोप पत्र पेश किया, तब ट्रॉयल के दौरान पति को हत्या का दोषी पाया गया। मामले की सुनवाई के बाद ट्रायल कोर्ट ने आरोपी पति को उम्रकैद की सजा सुनाई।ट्रायल कोर्ट के फैसले को आरोपी पति संतोष ने चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील पेश की थी। अपील पर हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है, यदि मौत से पहले दिया गया बयान विश्वसनीय है, तो बिना किसी अन्य गवाह के भी सजा दी जा सकती है।

#### ये गवाही फैसले का पुख्ता आधार

डॉक्टर ने भी पुष्टि की थी कि बयान देते समय पीड़िता मानसिक रूप से स्वस्थ्य थी। पड़ोसी सावित्री बाई और सुशीला बाई ने पीड़िता को जलती हुई हालत में घर से बाहर निकलते और तालाब में कूदते देखा था। घटना स्थल से मिले जले हुए कपड़ों और आरोपी के टी-शर्ट पर मिट्टी तेल के अंश पाए गए थे। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया, जब पत्नी आग की लपटों में घिरी तालाब में तड़प रही थी, तब आरोपी पति बाहर खड़े होकर तमाशा देख रहा था। उसने उसे बचाने की कोई कोशिश नहीं की।

## इजरायल ने हिजबुल्लाह चीफ के करीबी को मार गिराया

**यरुशलम,9 अप्रैल।** इजरायल ने लेबनान में बड़ा ऑपरेशन चलाते हुए हिजबुल्लाह चीफ नईम कासिम के करीबी को मार गिराया है। आईडीएफ ने गुरुवार को इसका दावा किया है। इजरायली सेना ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि बुधवार को बेरूत में हिजबुल्लाह प्रमुख के करीबी सलाहकार पर हमला करके उसे मार गिराया। यह हमला तब हुआ जब इजरायल ने बुधवार से लेबनान पर बड़े हमले किए हैं।

आईडीएफ के एक बयान में कहा गया, "कल, आईडीएफ ने बेरूत इलाके में हमला किया और हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम के निजी सचिव और भतीजे अली यूसुफ हर्षी को मार गिराया।" बयान में आगे कहा गया कि हर्षी, कासिम का एक करीबी सहयोगी और निजी सलाहकार था और कासिम के दफ्तर के कामकाज को संभालने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी अहम भूमिका थी। इस बीच इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने बताया है कि इजरायल ने बुधवार को पूरे लेबनान में हिजबुल्लाह के सैकड़ों लड़ाकों को निशाना बनाते हुए एक बड़ा हमला किया है। काट्ज़ ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा, आईडीएफ ने पूरे लेबनान में हिजबुल्लाह के कमांड सेंटरों पर हमला कर सैकड़ों आतंकवादियों को निशाना बनाया। 'ऑपरेशन बीपर्स' के बाद से यह हिजबुल्लाह के लिए सबसे बड़ा झटका लगा है।'' इजरायली रक्षा मंत्री यहां 2024 में हिजबुल्लाह के खिलाफ किए गए उस हमले का जिक्र किया, जिसमें पेजर बमों का इस्तेमाल कर इजरायल ने हिजबुल्लाह के दर्जनों लड़कों को मौत के घाट उत्तर दिया था। उन्होंने ईरान समर्थित इस हथियारबंद गुट के नेता का जिक्र करते हुए आगे कहा, "हमने नईम कासिम को चेतावनी दी थी कि ईरान के इशारे पर इजरायल पर हमला करने की हिजबुल्लाह को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, और आज हमने उस वादे का एक और चरण पूरा किया है।'' गौरतलब है कि बुधवार को ट्रंप ने ईरान संग सीजफायर का ऐलान किया था।

### प्रधानमंत्री से मुलाकात कर लौटे मुख्यमंत्री

**रायपुर,9 अप्रैल।** दिल्ली दौरे से लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई. नक्सलवाद की समाप्ति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया. 4 दशकों के नक्सलवाद से बस्तर मुक्त हुआ है, वहां अब विकास कार्य किस तरह किए जाएंगे, इसकी जानकारी प्रधानमंत्री को दी. मुख्यमंत्री साय ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी मुलाकात हुई. वहीं असम के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा की बहुत अच्छी स्थिति रहेगी. असम में सरकार बनेगी. भाजपा के लिए अच्छी स्थिति है. बता दें कि मुख्यमंत्री साय अपने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान बस्तर के समग्र विकास का एक विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट सौंपा है. इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है.

### 5 सेकंड में ही 2 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

**मुंबई,9 अप्रैल।** ईरान और अमेरिका के बीच संभावित संघर्ष-विराम को लेकर बनी अनिश्चितता ने एक बार फिर ज्यादातर वैश्विक बाजारों में बिकवाली शुरू कर दी है. ईरान द्वारा एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिए जाने से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ीं, जिससे घबराहट फैल गई. एशियाई बाजार धड़ाम से गिर गए. घरेलू मोर्चे पर, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं. हालांकि मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में कुछ हल्की खरीदारी देखने को मिल रही है, लेकिन सेक्टर-वार विश्लेषण से पता चलता है कि IT सेक्टर बाजार पर काफी ज्यादा दबाव डाल रहा है; निफ्टी IT इंडेक्स 1% से ज्यादा गिर गया है, जबकि निफ्टी मेटल इंडेक्स में लगभग 1% की बढ़त दर्ज की गई है. इन मिले-जुले रुझानों के बीच, BSE पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन ₹2 लाख करोड़ से ज्यादा कम हो गया है, जिसका मतलब है कि इस अन्यथा जीवंत बाज़ार माहौल के बीच निवेशकों की संपत्ति में ₹2 लाख करोड़ से ज्यादा की कमी आई है.

### हाईकोर्ट की सख्ती के बाद जागा वन विभाग

**बिलासपुर,9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क में बाघ की संदिग्ध मौत और शिकार की घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए जवाबदेह माना है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने इस मामले में दायर जनहित याचिका को राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत विस्तृत कार्ययोजना के बाद समाप्त कर दिया है, लेकिन साथ ही यह स्पष्ट चेतावनी भी दी है कि भविष्य में वन्यजीवों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार द्वारा पेश किए गए रोडमैप के अनुसार, विभाग ने 5726 किलोमीटर के वन क्षेत्र में पैदल गश्त कर भारी मात्रा में अवैध तार और फंदे बरामद किए हैं, साथ ही खैरागढ़ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस नई रणनीति के तहत ड्रोन निगरानी, कैमरा ट्रैप, स्निफर डॉग और ओडिशा जैसे पड़ोसी राज्यों के साथ संयुक्त अभियान को शामिल किया गया है.

## सुबह सैर पर निकली दो महिलाओं को पिकअप ने रौंदा, दोनों की मौत

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,9 अप्रैल।** गौरेला थाना क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं को एक अनियंत्रित पिकअप कैंपर वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना आज सुबह करीब 6:15 बजे की है। गौरेला सारबहरा रोड निवासी बेला बाई पनसारी और सुशीला वर्मा रोज की तरह सुबह सैर के लिए निकली थीं। जब वे आईटीआई सेमरा के पास मेन रोड पर टहल रही थीं, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप कैंपर वाहन (क्रमांक MP 21 G 0992) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप की टक्कर से दोनों महिलाएं लगभग 15 से 20 फ़ीट तक उछल कर दूर जा गिरीं। महिलाओं को रौंदने के बाद पिकअप पास में खड़ी एक बस से जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई सनत मात्रे ने बताया कि दुर्घटना के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने दोनों मृतकाओं के शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मर्च्यूरी में रखवा दिया है। उपनिरीक्षक सनत रात्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आईटीआई सेमरा के पास यह हादसा हुआ। दो महिलाएं, बेला बाई और सुशीला वर्मा मॉर्निंग वॉक से लौट रही थीं, तभी तेज रफ्तार कैंपर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। घटना में गाड़ी का हेल्पर संदीप यादव घायल हो गया। वहीं फरार चालक लल्लू की तलाश की जा रही है। कैंपर वाहन कोरबा से कटनी कैमूर जा रही थी। इस हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय निवासियों में भारी रोष और दुख है। लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों पर वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार अक्सर मासूमों की जान ले लेती है।

## पाकिस्तान ने विश्वयुद्ध से बचा लिया : महबूबा

### उमर अब्दुला ने भारत की इजरायल से दोस्ती पर उठाये सवाल

श्रीनगर,9 अप्रैल। पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इस सीजफायर को राहत की सांस बताया है, लेकिन उनके बयान ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने पूरे संघर्ष के दौरान आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, जबकि अमेरिका ने स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों तक पर हमले कर निर्दोष लोगों की जान ली। महबूबा मुफ्ती ने ईरान की तारीफ करते हुए कहा कि यह उसकी हिम्मत और मजबूत इरादे का सबूत है कि उसने अमेरिका जैसी महाशक्ति के सामने घुटने नहीं टेके। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक पल बताया और कहा कि लंबे समय से दबाव झेल रहा ईरान आखिरकार मजबूती से खड़ा रहा। सबसे चौंकाने वाला बयान उन्होंने पाकिस्तान को लेकर दिया। महबूबा ने कहा कि सीजफायर कराने में पाकिस्तान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उनके मुताबिक, पाकिस्तान ने इस संघर्ष को विश्व युद्ध में बदलने से रोकने में अहम योगदान दिया।

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच भले संघर्षविराम हो गया हो लेकिन इस मुद्दे पर कश्मीर में जमकर राजनीति हो रही है।



मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भारत की इजराइल से दोस्ती पर अप्रत्यक्ष रूप से सवाल उठा रहे हैं तो महबूबा मुफ्ती पाकिस्तान की तारीफ करते हुए नहीं थक रही हैं। वह अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हुए कह रही हैं कि पाकिस्तान ने एक विश्व युद्ध होने से बचा लिया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान की बात करें तो आपको बता दें कि उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि इस संघर्ष की असली चाबी अब भी अमेरिका के हाथ में है। श्रीनगर में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उमर ने कहा कि अगर अमेरिका ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर इजरायल को काबू में नहीं रखा, तो यह सीजफायर ज्यादा दिन टिकने वाला नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि मौजूदा टकराव ईरान पर थोपा गया है।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि संघर्ष का अंजाम इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका जैसे देश हालात को कितना संभाल पाते हैं। खासतौर पर इजरायल और लेबनान के बीच बढ़ती तनातनी को लेकर उन्होंने चिंता जताई और साफ कहा कि अगर हालात नहीं संभाले गए तो यह आग और भड़क सकती है। इस पूरे घटनाक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को लेकर भी उमर अब्दुल्ला ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बार बार बदलते बयान न सिर्फ भ्रम पैदा करते हैं बल्कि वैश्विक स्तर पर अस्थिरता को भी बढ़ाते हैं।

## छग में जंगलराज चल रहा: बैज

**रायपुर,9 अप्रैल।** प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाए हैं. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने एक दिन पहले सेजबहार में एक परिवार के साथ हुई लूट की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में जंगलराज चल रहा है. अपराध सरकार के नियंत्रण से बाहर है. आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है. छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में श्लोक से सरकारी स्कूलों की शुरुआत होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि अभी तक बच्चों को पुस्तक उपलब्ध नहीं करवा पाए, आरटीई में एडमिशन नहीं हो रहा है, कई स्कूलों में शिक्षक नहीं, बच्चियों के लिए टायलेट नहीं है. क्या सरकार शिशु मंदिर बनाना चाहती है? स्कूल में श्लोक पढ़ाने की बजाए इस दिशा में सरकार होमवर्क करे, तो स्कूल बेहतर हो जाएगा.



**तीनों राज्यों में बनेगी कांग्रेस की सरकार**-वहीं आज असम, केरल और पुडुचेरी में हो रहे मतदान को लेकर दीपक बैज ने कहा कि तीनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनेगी. पूरी तरह से बदलाव का माहौल बना हुआ है. असम के मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है. भ्रष्टाचार छुपाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं. जवाब न देकर गिरफ्तारी का डर दिखा रहे हैं. राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं. हिमंत विश्वा सरमा जेल जाएंगे. महतारी वंदन के लिए केवायसी को अनिवार्य किए जाने पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि सरकार के पास पैसा नहीं है. केवायसी के नाम पर सरकार महिलाओं के नाम काटने की साजिश कर रही है.

**कितने नक्सलमुक्त गांवों को दिए एक करोड़**-नक्सलमुक्त पंचायतों को 1 करोड़ रुपए दिए जाने को लेकर बैज ने कहा कि सरकार ने बस्तर के जनप्रतिनिधियों से वादा किया है. नक्सलमुक्त पंचायतों को 1 करोड़ रुपए देने हैं. सरकार कह रही है कि सभी जिले नक्सलमुक्त हो चुके हैं, तो 1 करोड़ रुपए देना चाहिए. इसके लिए क्या पीएम मोदी से मुलाकात कर राशि मांगी गई है. कितने पंचायतों को देना है, या दे चुके सरकार स्पष्ट करे. इस सरकार का हर वादा जुमला है.

वहीं अंबिकापुर में मूर्ति अनावरण को लेकर उपजे विवाद पर दीपक बैज ने कहा कि सबका अपने-अपने स्थान पर सम्मान है. शहीद चंद्रशेखर आजाद का नाम पहले आना चाहिए. यदि कांग्रेस के नेताओं ने विरोध किया तो क्या गलत किया.

## कान्हा में रिसॉर्ट बनाने के नाम पर 3.15 करोड़ की ठगी

**बिलासपुर,9 अप्रैल।** मध्यप्रदेश के कान्हा किसली में आइसलैंड रिसॉर्ट बनाने के नाम पर शहर के कारोबारी से दो लोगों ने 3.15 करोड़ रुपये ठग लिए। थाने का चक्कर लगाने के बाद भी जब मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित कारोबारी ने कोर्ट में परिवाद दायर किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर एक ही रात में रायपुर और सरोरा से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, मिनोचा कॉलोनी निवासी विकास चंदेल का परिचय 2017 में 27 खोली में रहने वाले दीपेंद्र पाणी और गीतांजलि नगर के कुसमाकर भोंसले से हुआ था। दोनों ने विकास को मध्यप्रदेश के कान्हा किसली अभयारण्य में रिसॉर्ट और आइसलैंड बनाने का सपना दिखाया। जमीन और प्रोजेक्ट के नाम पर एग्रीमेंट कर अलग-अलग किस्तों में उससे 3 करोड़ 15 लाख रुपए ले लिए। 7 साल बीत गए, लेकिन न रिसॉर्ट बना और न ही कोई काम शुरू हुआ। जब विकास ने पैसे वापस मांगे तो दोनों आरोपी उसे टालते रहे। आखिरकार ठगी का एहसास होने पर उसने सिविल लाइन थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने इसे आपसी लेनदेन बताकर कोर्ट जाने की सलाह दे दी। इसके बाद पीड़ित ने अधिवक्ता के जरिए कोर्ट में केस दायर किया। कोर्ट ने सिविल लाइन टीआई को तुरंत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई का आदेश दिया। आदेश मिलते ही पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए एक ही रात में दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। दीपेंद्र पाणी को रायपुर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जबकि कुसमाकर भोंसले सरोरा गांव में किराए के मकान में छिपकर रह रहा था। पूछताछ में दोनों ने ठगी की बात कबूल कर ली। मंगलवार को पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पूछताछ में पता चला कि दीपेंद्र पाणी रायपुर में 'पाणी कंसलटेंट' नाम से एजेंसी चलाता है, जबकि कुसमाकर भोंसले पहचान छिपाकर सरोरा में किराए के मकान में रह रहा था।

### खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिबंधित दवा सेवन मामले में भारत सबसे आगे

## खेलकूद में बढ़ती चमक को पाने डूबे रहे सितारे

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

इन दिनों खेल व खिलाड़ियों से जुड़ी एक खबर आई है कि एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट संस्था जिसे विश्व एथलेटिक्स ने स्थापित किया है। यह संस्था किसी भी मान्य खेल के प्रतिस्पर्धी द्वारा प्रतिबंधित दवा के सेवन या अन्य गलत उपाय द्वारा अप्रत्याशित परिणाम पाने के संबंध में जानकारी को उजागार करता है। भारत के लिए दुर्भाग्य की बात है कि इस सूची में अब तक हमारे देश के विभिन्न खेलों की चैम्पियनशिप में शामिल 148 खिलाड़ियों और खेल सहयोगियों के नाम शामिल है। आश्चर्यजनक रूप से भारतीय खिलाड़ियों ने 2025 में प्रतिबंधित दवा का सेवन करने वाले खिलाड़ियों या सहयोगी स्टाफ का नाम सामने आया है। इसके पूर्व केन्या के एथलीट इस सूची में अव्वल थे। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट को विश्व एथलीट द्वारा 2017 में स्थापित किया गया था जिससे खेलों की दुनिया की अखंडता को दुरुस्त रखा जा सके। यह यूनिट डोपिंग परिणामों में हेरफेर, उम्र में गड़बड़ी, खेल में भ्रष्टाचार और सट्टेबाजी जैसी स्पर्धा से निपटने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी के रूप में कार्य करता है। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट की स्थापना का उद्देश एथलीटों पर जनता का विश्वास और मान्यता प्राप्त स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए सुरक्षा प्रदान करना है। एआईयू सिर्फ प्रतिबंधित दवा के सेवन के संबंध ही नहीं है बल्कि स्पर्धा और उससे जुड़ी बेईमानी तथा अनैतिक प्रथाओं को रोकने के लिए जिम्मेदार है। हम कह सकते हैं कि यह संस्था एथलीट प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के लिए हैं जो कि यह सुनिश्चित करता है कि सब कुछ निष्पक्ष हुआ है तथा आई रन क्लीन नामक शैक्षिक कार्यक्रम का संचालन करता है। भारत की तरफ से 2025 में प्रतिबंधित दवा के सेवन व अन्य प्रकरणों में दोषी पाये गये उनमें धाविका धनलक्ष्मी फुटबालर एन. रत्नाबाला देवी, भाला फेंकने वाले गौरव पटेल, मुक्केबाज आयतवीर कारवासरा, पोलो- सिद्धार्थ शर्मा, धाविका निर्मल शेरोन, साथ ही एथलेटिक्स के दिलशाह पर 5 वर्ष, मुक्केबाज मोनिश पर 2 वर्ष, पहलवान, अंकित पर 4 वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है जबकि मुक्केबाज मो. हुसैन,कबड्डी के देवांक दलाल भी दोषी पाये गये हैं।

प्रतिबंधित दवा के सेवन और स्पर्धाओं में गलत तरीके अपनाने के मामले में भारत के एथलीटों की संख्या निरंतर बढ़ना बहुत ही चिंता का विषय है। 2025 की सूची में कबड्डी, मुक्केबाजी, कुश्ती, केनोई, भारोत्तोलन, बेडमिंटन, फील्ड हाकी,टेनिस, एथलेटिक्स, क्रिकेट, जुडो, सेपकतकरा, रग्बी यूनियन, जैसे खेल के प्रतिभागी शामिल हैं और ये टेस्ट रिपोर्ट किसी न किसी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट का है। भारत को शर्मसरा करने वाले ये खिलाड़ी ऐसा क्यों कर रहे हैं। जब इस बात काअध्ययन करने पर पाया गया है कि भारत के केंद्र, राज्य सरकारों, सार्वजनिक संस्थाओं, औद्योगिक घरानों आदि के द्वारा खिलाड़ियों को सम्मान, नकद राशि, भूखंड , मकान, कार, शासकीय , अर्धशासकीय नौकरी आदि दी जा रही सुविधा के कारण ऐसा संभव हो पा रहा है। अभिभावक से लेकर प्रशिक्षक व खुद खिलाड़ी यह चाहते हैं कि वे अपने पैरों पर जल्द से जल्द खड़े हो सके। इसके लिए उन्हें किसी ना किसी स्पर्धा में पदक प्राप्त करके दिखाना होगा अतः वे इस तरह की बेमानी कर बैठते हैं। भारत सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रतिबंधित दवा के सेवन के दुष्परिणाम के बारे में हाल ही में छत्तीसगढ़ में संपन्न प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में भी प्रत्येक खेल के स्थल में ऐसी सामग्री बांटी गई व खिलाड़ियों, दर्शकों को समझाया गया। सचमुच भारत में इस तरह के गलत तरीकों का इस्तेमाल करना चिंताजनक है जिसकी रोकथामके लिए सबको आगे आना चाहिए। प्रतिबंधित दवा से संबंधित पाठ्यक्रम को स्कूल/ कॉलेज में शामिल किया जाना चाहिए .

### जेल से बाहर आते ही राकेश सिंह बने भाजपा उम्मीदवार

**नई दिल्ली ,09 अप्रैल ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कोलकाता पोर्ट सीट से राकेश सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इसके साथ ही पार्टी ने राज्य की कुल 294 विधानसभा सीटों में से 293 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम जारी कर दिए हैं। इस बीच, भाजपा नेता राकेश सिंह दोपहर को प्रेसिडेंसी जेल से रिहा हुए। उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा अंतरिम जमानत प्रदान की गई थी, ताकि वे कोलकाता पोर्ट सीट से चुनाव लड़ सकें। जेल से बाहर आते ही उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया , जिससे उनके प्रति स्थानीय स्तर पर समर्थन का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि रिहाई के समय तक भाजपा ने औपचारिक रूप से उन्हें उम्मीदवार घोषित नहीं किया था लेकिन पार्टी ने उच्च न्यायालय को पहले ही सूचित कर दिया था कि राकेश सिंह ही इस सीट से उसके उम्मीदवार होंगे। अब आधिकारिक घोषणा के बाद यह स्थिति स्पष्ट हो गई है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल निर्धारित की गई है .

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत पांच में विकास जारी:मनीराम साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,9 अप्रैल।** जिस विश्वास को लेकर जनता अपना छेत्र का विकाश वा समस्याएं को दूर करने के लिए अपना जनप्रतिनिधि या प्रत्याशी का चुनाव करता उस उदेश्य पर जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायत पोंडी के जनप्रतिनिधि अपना कार्य पूरी निष्ठा के साथ करते नजर आ रहे हैं अभी तक अपने कार्य पर खरा नजर आ रहा है जल है तो जीवन है जल के बगैर जीवन की कल्पना करना मुश्किल है ग्राम पंचायत पोड़ी के वार्ड नं 2 के वार्डवासियों ने निस्तारी और पेयजल की सुविधा को पूर्ति करने के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से बोर खनन का माग किया था जिस पर मंत्री ने तत्काल स्वीकृति प्रदान कर दी अप्रैल माह में गर्मी रोज इतनी जेत होते जा रहा है कि पारा लगातार अपने उच्चतम स्तर को पार कर रहा है तापमान बढ़ने के साथ ही अब वाटर लेबल कम होते जा रहे हैं जिसके कारण कई वार्ड में पेजल की संकट होने लगा है बढ़ते धूप एवं पेज़ल की संकट को देखते हुए ग्राम पंचायत पोंडी के वार्ड क्रमांक 2 में मंगलवार को जिला पंचायत के द्वारा जिला पंचायत निधि पंद्रहवें वित्त से बोर खनन किया गया जिससे वार्डवासियों के साथ बेजुबान जानवरों को अब पेजल की समस्या से निजात मिलेगी वहीं ग्राम पंचायत अपने एक वर्ष के कार्यकाल में अब तक विकाश करते नजर आ रहे वही जिला पंचायत प्रतिनिधि मनीराम साहू ने बताया छत्तीसगढ़ शासन में उपमुख्यमंत्री माननीय विजय शर्मा जी के नेतृत्व में कबीरधाम जिला विकास के नए आयाम लिख रहे है आज हर तरफ नए सड़क बन रहे हैं हर विकास कार्यो को गति मिल रहा है जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 में हर पंचायत में जनता की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर सभी को योजना का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है सरपंच प्रतिनिधि एवं उपसरपंच ने बताया की ग्राम पंचायत की विकास को लेकर आगे भी हम निरंतर कार्य करते रहेंगे उक्त भूमिपूजन के अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष जयराम साहू,जिला पंचायत प्रतिनिधि मनीराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, सरपंच संघ अध्यक्ष राजेश साहू, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू, बद्री वर्मा, सुरेश साहू, शोभू साहू, अमन पाली, जलेश्वर साहू, दुर्गा साहू, गौतम साहू, रोहित गोस्वामी, सहित वार्डवासि मौजूद रहे

## पी.एम. आशा योजना में अब 20 अप्रैल तक होगा पंजीयन

**दुर्ग, 9 अप्रैल।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी शुरू कर दी गई है।

योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दलहन एवं तिलहन उत्पादक किसानों के हित में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये है। शासन ने पंजीयन की सीमा 20 अप्रैल 2026 तक बढ़ा दी गई है। खरीफ वर्ष 2025-26 की फसलों अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, मूंगफल्ली एवं रबी वर्ष 2025-26 की फसलों चना, मसूर एवं सरसों के लिए किसान 20 अप्रैल 2026 तक समितियों के माध्यम से अपना पंजीयन करवा सकेंगे।

## समाचार संक्षेप

### उतई जोन मंडल में पदाधिकारी नियुक्त









**उतई, 9 अप्रैल (तछसं.)।** नगर पंचायत उतई के जोन मंडल की नियुक्ति पर पूर्व पार्षद एवं लोक निर्माण प्रभारी तोषण साहू को मंडल उपाध्यक्ष बनाए जाने एवं राकेश साहू वर्तमान पार्षद वार्ड क्रमांक 3 को कोषाध्यक्ष बनाए जाने एवं पूर्व पार्षद डॉक्टर पहलाद वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य एवं वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद रामशिला नेताम को कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर नगर कांग्रेस कमेटी उतई के द्वारा बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### कवर्धा में मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस



**कवर्धा, 9 अप्रैल (तछसं.)।** कवर्धा में जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिला भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता जसविंदर बग्गा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, बीजेपी नेता पन्ना लाल चंद्रवंशी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में धूमधाम से भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया।

### चंद्रशेखर पर बना म्यूजिक वीडियो शताब्दी समारोह में होगी स्क्रीनिंग



**भिलाई, 9 अप्रैल।** चंद्रशेखर की जन्म शताब्दी के अवसर पर गायक संजय सिंह ने उनके जीवन पर आधारित म्यूजिक वीडियो तैयार किया है। इसका अनावरण उनके पुत्र व सांसद नीरज शेखर ने किया। गीत के बोल सुनील गुप्ता व संजय सिंह ने लिखे हैं, जबकि संगीत निर्देशन भी संजय सिंह ने किया है। 17 अप्रैल से शुरू हो रहे शताब्दी समारोह में देशभर में इस वीडियो की स्क्रीनिंग होगी। संजय सिंह ने बताया कि उनका चंद्रशेखर से विशेष जुड़ाव रहा है और उन्हें निकट से देखने का अवसर मिला। उन्होंने उन्हें एक जननेता बताया। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त होकर वर्तमान में संगीत क्षेत्र में सक्रिय हैं और 200 से अधिक मंचीय प्रस्तुतियां दे चुके हैं।

### यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए, समाज को दी 40 लाख की सौगात

**अंवरी,9 अप्रैल।** नगर पंचायत भखारा में यादव समाज कुरुद क्षेत्र के द्वारा दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजक भखारा में 4 व 5अप्रैल को किया गया।उक्त आयोजन में छत्तिसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव में शिरकत की।इस दरम्यान मंत्री गजेंद्र यादव का समाजजनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।यादव समाज के द्वारा उन्हें ग़जमाला व खुमरी पहनाकर अभिनन्दन किया।वहीं अधिवेशन कार्यक्रम में यादव समाज के द्वारा संपूर्ण रीति रिवाज से दो जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न करवाया गया।कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र छात्राओं का उच्चतम अंक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र श्रीफल व प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### विवो कंपनी का मोबाइल बरामद



**भिलाई, 9 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई पावर हाउस बस स्टैंड में ट्रक से मोबाइल चोरी करने वाले 2 आरोपी को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है छावनी प्रभारी अमित अदानी अंदानी ने बताया कि 21 जून 2025 को थाना छावनी क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस बस स्टैंड,भिलाई में रात्रि समय ट्रक चालक दुलार सिंह ठाकुर द्वारा ट्रक खड़ा कर पानी लेने जाने के दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रक में रखे विवो कंपनी के मोबाइल फोन की चोरी कर ली गई। प्रार्थी द्वारा विरोध करने पर आरोपियों द्वारा धारदार हथियार एवं डंडा लहराते हुए उसे डराकर मौके से फरार हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303;2, 3;5 एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी एस जोसफ20 वर्ष निवासी स्वीपर मोहल्ला और एक नाबालिग को पकड़ते हुए उसके कब्जे से चोरी किया गया विवो कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया।

### चार वारंटी गिरफ्तार



**भिलाई, 9 अप्रैल (तछसं.)।** वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर 4 वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है थाना छावनी क्षेत्र न्यायालय से जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटों की तामीली हेतु विशेष अभियान चलाया गया अभियान के दौरान लंबे समय से फरार वारंटियों की लगातार तलाश कर उन्हें चिन्हित किया गया पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कारवाई करते हुए कुल रूद्र अभिषेक पासवान, निवासी विवेकानंद नगर नंदनी रोड मुकेश तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी, निवासी सर्कुलर मार्केट कैम्प 02, दिनेश कुमार महाजन, निवासी सर्कुलर मार्केट कैम्प 02, संदीप दीप, निवासी कैम्प 01 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

### नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं :महापौर

**दुर्ग,9 अप्रैल।** नगर निगम दुर्ग में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा को लेकर महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्रकार की उपस्थिति में अधिकारियों और ठेकेदारों की महत्वपूर्ण बैठक ली।बैठक में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्रकार, कार्यपालन अधिकारी विनीता वर्मा, ईई मो. सिद्दीकी, संजय ठाकुर, राजेन्द्र ढबाले, करण यादव, पंकज साहू, हरिशंकर साहू,अर्पणा मिश्रा सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं ठेकेदार प्रमोद महोबिया,हेमंत देवांगन सहित समस्त ठेकेदार उपस्थित रहे।बैठक के दौरान शहर में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन ठेकेदारों द्वारा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है, उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्क ऑर्डर जारी होते ही संबंधित कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद भी कार्य शुरू करने में अनावश्यक देरी हो रही है, जो कि गंभीर लापरवाही है। इस प्रकार की स्थिति को तत्काल समाप्त करने के निर्देश दिए गए।बैठक में महापौर ने अधिकारियों को ठेकेदारों के प्रति सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए।

स्थापना दिवस



कवर्धा। भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू ने छत पर भाजपा का झंडा लगाया।

# तालाब में डूबने से मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के कैंप-2 तालाब में बुधवार को नहाने गए शख्स की डूबने से मौत हो गई शख्स नहाते समय बीच तालाब में डूब गया, आसपास के लोगों ने उसे निकालने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली इसके बाद एसडीआरएफ की टीम पहुंची रात तक रेस्क्यू चला और उसके बाद रोक दिया गया गुरुवार की सुबह फिर से तलाशी शुरू की गई। बीच तालाब में दलदली जगह पर शख्स का शव धंसा मिला छावनी पुलिस की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया छावनी पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान संतोष यादव पिता बिसौहा यादव (48 साल) शारदा पारा कैंप 2 भिलाई के रूप में हुई है संतोष एक अच्छा तैराक था और तालाब को एक छोर से दूसरे छोर तक पार कर जाता था। रोज वह तालाब में ही नहाता था बुधवार दोपहर लगभग 3 बजे वह नहाने गया नहाने के दौरान वह तैरते तैरते बीच तालाब तक पहुंच गया बताया जा रहा है कि इस दौरान वह डूबता चला गया तालाबा के पास मौजूद आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद एसडीआरफ को सूचना दी गई। जिला सेनानी नागेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। डीप डाइविंग जवान चंद्रप्रताप जघेल, ओंकार, भानुप्रताप व राजकुमार यादव ने तलाशी शुरू की? रात लगभग 7-30 बजे तक तलाश करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिली? ज्यादा रात होने के कारण रेस्क्यू रोक दिया गया। इसके बाद गुरुवार सुबह 7 बजे डीप डाइविंग जवान फिर से पहुंचे और तलाश शुरू की लगभग ढाई घंटे की मशक्कत के बाद लगभग 9-30 बजे संतोष यादव के शव को पानी से बाहर निकाला और पुलिस को सौंप दिया छावनी थाने पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए सुपेला मरच्यूरी भेज दिया।



# जोन-3 आयुक्त ने विकास कार्यों का निरीक्षण कर सुधार के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 9 अप्रैल।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार नगर निगम जोन-3 अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जोन आयुक्त ने अपनी टीम के साथ वार्ड क्रमांक 30, प्रगति नगर में नवनिर्मित सीमेंटीकरण सड़क का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि बारिश के दिनों में पानी सड़क एवं घरों के सामने जमा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही अन्य स्थानों पर चल रहे सड़क निर्माण कार्यों को भी गुणवत्तापूर्वक और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समीपस्थ मोहल्ले में भिलाई इस्पात संयंत्र की सिवरेज लाइन के जाम होने की समस्या सामने आई, जिस पर स्थानीय नागरिकों ने शिकायत की। इस पर जोन आयुक्त ने संबंधित अभियंताओं को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कैंप-01 क्षेत्र में क्रिश्चियन समाज द्वारा किए जा रहे अवैध चर्च निर्माण का भी स्थल निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में मदर टेरेसा नगर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का भी निरीक्षण किया गया। आगामी जनगणना कार्य के प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली एवं पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव सहित पार्षद प्रतिनिधि एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# बीरा जी के अंगना में नि:शुल्क कराते प्रशिक्षण के लिए 450 बच्चों ने कराया पंजीयन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अप्रैल।** कोहका स्थित बीरा जी के अंगना में बच्चों एवं युवाओं के लिए निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन संध्या 4-30 बजे से 6-30 बजे तक संचालित हो रहा है, जिसमें 3 वर्ष से लेकर 25 वर्ष तक के बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक अंजना राजवीर सिंह द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। साथ ही गुड टच और बैड टच के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है, जिससे बच्चों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े। प्रशिक्षण में कई बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहते हैं। वर्तमान में इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 450 बच्चों ने पंजीयन कराया है, जबकि एक समय में करीब 100 बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में स्वस्थ रहना सबसे महत्वपूर्ण है और स्वस्थ शरीर में ही ईश्वर का वास होता है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने की सीख देते हुए कहा कि नशा खेल का होना चाहिए, चाहे वह कराटे हो या अन्य खेल। उन्होंने बताया कि जल्द ही बच्चों के लिए बॉक्सिंग प्रशिक्षण हेतु पंचिंग बैग की व्यवस्था की जाएगी तथा सभी बच्चों को कराटे ड्रेस भी वितरित की जाएगी, ताकि वे एकरूपता में प्रशिक्षण ले सकें। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष जोगा राव, राम हिंदरिया, शाहनवाज कुरैशी, श्रीमती चांदनी जगत, शिवबाती जांघेल, अंजलि साहू, मंजू वर्मा, रानी विश्वकर्मा, सरस्वती धुरंधर सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# घुघसीडीह में सीएसआर विभाग ने किया विकास कार्यों का हस्तांतरण



**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम घुघसीडीह में विकास कार्यों के पूर्ण होने पर मंगलवार को हस्तांतरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच ललिता बारले को हस्तांतरण विलेख के रूप में प्रमाण पत्र सौंपा गया। सीएसआर विभाग द्वारा गांव में कला मंच का निर्माण, बोरवेल की खुदाई तथा हैंडपंप स्थापना जैसे कार्य कराए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक मनोज कुमार दूबे एवं विशिष्ट अतिथि उप प्रबंधक के. के. वर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान विभागीय कर्मचारी बुधेलाल सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। मुख्य अतिथि मनोज कुमार दूबे ने अपने संबोधन में सीएसआर विभाग और परिधीय गांवों के बीच मजबूत संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम घुघसीडीह के विकास के लिए भविष्य में भी हर संभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं वर्मा ने विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सरपंच गोवर्धन ने किया।

# अधिकारी-कर्मचारी सुरक्षा के प्रति सतत सजग रहें:त्रिभुवन बैठा




**भिलाई, 9 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात गलन शाला-3 में सुरक्षा ही सर्वोपरि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा रहे। अपने संबोधन में त्रिभुवन बैठा ने कहा कि एसएमएस-3 ने सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेल स्तर पर भी श्रेष्ठ सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त कर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्थान प्राप्त करना जितना चुनौतीपूर्ण है, उससे कहीं अधिक कठिन उसे बनाए रखना है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने कार्य निष्पादन में उत्कृष्टता बनाए रखते हुए सुरक्षा के प्रति सतत सजग एवं प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बीआई एसपीओसी डी. विजित ने सुरक्षा पुरस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण पी. सतपथी, एस. के. मिश्रा, पी. के. अग्रवाल तथा डी. के. वार्ष्णेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री जयश्री द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में किरण कुमार एवं आशुतोष सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आनंद सरोवर बघेरा में दादी रतन मोहिनी की मनाई गई पुण्यतिथि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 9 अप्रैल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर बघेरा परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की संचालिका रीटा दीदी ने दादी रतन मोहिनी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 25 मार्च 1925 को सिंध में हुआ था। मात्र 13 वर्ष की आयु में वे संस्था से जुड़ गईं और लगभग 87 वर्षों तक सेवा, आध्यात्मिकता एवं संगठन के कार्यों में सक्रिय रहीं। उन्होंने बताया कि दादी रतन मोहिनी का जीवन सादगी, स्नेह और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक था। वे नारी सशक्तिकरण की प्रबल समर्थक रहीं और समाज सेवा के माध्यम से अनेक लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ललित सेक्सरिया एवं पायल अग्रवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दादी जी का जीवन अध्यात्म के शिखर तक पहुंचने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें। संचालन रूपाली दीदी द्वारा किया गया।

संक्षिप्त समाचार

## शराब के पैसे को लेकर विवाद भाई और उसकी पत्नी से मारपीट

**सिमगा,9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** थाना सिमगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लांजा में शराब पीने के लिए पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने अपने ही भाई और उसकी पत्नी से मारपीट कर दी तथा मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी त्रिलोकी साहू निवासी ग्राम लांजा ने 15 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसी दिन दोपहर करीब 1:30 बजे उसका छोटा भाई महेश साहू घर पहुंचा और माता-पिता से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। मना करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी से पैसे की मांग की और उसके साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान प्रार्थी की पत्नी बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ भी अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे दोनों को चोटें आईं। इसके बाद आरोपी ने प्रार्थी की मोटरसाइकिल में भी तोड़फोड़ कर दी। मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 116/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस ने मामले की जांच करते हुए प्रार्थी, परिजनों और गवाहों से पूछताछ की तथा आरोपी की तलाश शुरू की। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। आखिरकार पुलिस टीम ने आरोपी महेश साहू को पकड़कर हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने शराब के लिए पैसे मांगने को लेकर विवाद में मारपीट, गाली-गलौज और मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को 6 अप्रैल 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने विकास कार्यों की स्वीकृति पर सरकार का जताया आभार

**धमतरी/नगरी,9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम के प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिली है। विधायक के विशेष आग्रह पर राज्य सरकार द्वारा पुल निर्माण और स्कूलों के बुनियादी ढांचे के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके लिए उन्होंने सरकार और संबंधित मंत्रियों का आभार व्यक्त किया है।काजल नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुलक्षेत्रीय ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए, नगरी-जबर्रा मार्ग स्थित काजल (कलस) नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 662.61 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। विधायक श्रीमती मरकाम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इस मांग को शामिल कराया था। 30 मार्च 2026 को उन्होंने स्वयं मंत्रालय में वित्त सचिव से मुलाकात कर इस महत्वपूर्ण कार्य की स्वीकृति सुनिश्चित कराई।स्कूली शिक्षा के लिए 75.94 लाख रुपये मंजूरपुल के साथ-साथ क्षेत्र के स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिए भी विधायक ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से आवाज उठाई थी। इसके परिणामस्वरूप, विभिन्न स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों और प्रार्थना शेड के निर्माण के लिए 75.94 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।स्वीकृत कार्यों का विवरण स्कूल का नाम कार्य का विवरण स्वीकृत राशि (लाख में) प्रा. शाला खरका (पं. जबर्रा) 02 अतिरिक्त कक्ष 9.42 | प्रा. शाला गाताबाहरा (पं. खलारी) 02 अतिरिक्त कक्ष | 9.42 प्रा. शाला बुडरापारा (पं. खलारी) | 02 अतिरिक्त कक्ष | 9.42 | प्रा. शाला मांदागिरी (पं. करही) 02 अतिरिक्त कक्ष 9.42 प्रा. शाला अमलीपारा (मुकुंदपुर) | 02 अतिरिक्त कक्ष 9.42 प्रा. शाला खमनापारा (पं. नवागांव) 02 अतिरिक्त कक्ष 9.42 पू. मा. शाला सरईटोला 'ब' 02 अतिरिक्त कक्ष 9.42 |पू. मा. शाला सरईटोला प्रार्थना शेड निर्माण 10.00 |कुल स्वीकृत कार्यः08कुल राशिः** 75.94 लाख रुपयेइन विकास कार्यों की स्वीकृति पर क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने हर्ष व्यक्त किया है। विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम ने कहा कि सिहावा विधानसभा की जनता की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है और आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगी।



## मानपुर में युवा कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

**मोहला,9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा व्दारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे जी खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ युवा कांग्रेस कांग्रेस, के कार्यकर्ताओं ने मानपुर बस स्टैंड मे असम मुख्यमंत्री



हेमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया युकां जिलाध्यक्ष मनीष निर्मल के नेतृत्व मे प्रदर्शन किया गया गया अध्यक्ष जी का कहना है कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा व्दारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खडगे जी के खिलाफ की गई अपमानजनक भाषा के प्रयोग का कडी निंदा करते है असम के मुख्यमंत्री घबरा गये है और हो कांग्रेस के नेताओं को डराने की कोशिश कर रहे है !कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित के मुद्दों को उठाते रहे है और जनता के समाने सच्चाई लाते हैयुवा कांग्रेस, कांग्रेस के नेता,NSUI के कार्यकरता नारेबाजी करते मानपुर सब स्टैंड मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ,और असम मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला दहन किया गया।इस अवसर पर जिला कांग्रेस महासचिव राजु पोटाई,जिला सचिव उपेंद्र मिश्रा,उपाध्यक्ष सुरेश गर्धाव, ब्लॉक सचिव अबिद खां,कांग्रेस उपाध्यक्ष अजित खान,युका नेता प्रकाश विश्वास,सुरज बघेल,छात्र नेता तनुज मंडल ,सागर सिन्हा, मोनु मंडावी, आलोक हुपेडी,देवा सारथी, छोटु खांन, भुरु यादव,अरबाज खां,पुनम पटेल,अरिहंत जैन के साथ युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे

# आजीविकामूलक गतिविधियों से आत्मसमर्पित माओवादियों का सुधर रहा भविष्य

**रायपुर,9 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की मार्ग अपनाया था, अब वहीं हाथ अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। भानुप्रतापपुर के पास ग्राम चौगेल के पुनर्वास केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त आत्मसमर्पित नक्सलियों द्वारा हुनर दिखाते हुए काष्ठ कला से नेम प्लेट, छत्तीसगढ़ शासन का 'लोगो', ग्राम पंचायतों के लिए बोर्ड, बच्चों के लिए की-रिंग सहित अन्य सजावटी सामग्री तैयार की जा रही है, साथ ही कपड़े का थैला, कार्यालयों के लिए बस्ता भी तैयार किया जा रहा है। सरकार द्वारा घोषित नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन कांकेर द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को कुशल और दक्ष बनाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। यहां पर उन्हें काष्ठशिल्प के साथ ही इलेक्ट्रिशियन, ड्रायविंग, सिलाई, राजमिस्त्री जैसे पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कभी नक्सली गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक-युवतियॉ अब विभिन्न व्यवसाय में दक्ष हो रहे हैं, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के बाद आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़कर सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह कर सकें।

चौगेल कैंप बना कौशल प्रशिक्षण केंद्र

वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। शासन द्वारा नक्सल मुक्त बस्तर घोषित किया जा चुका है। हिंसा की राह त्यागकर मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों को सरकार कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रही है, ताकि वे



सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत भानुप्रतापपुर विकासखंड के पास ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैम्प में विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कभी बीएसएफ का कैम्प रहा चौगेल (मुल्ला) का यह कैम्प अब हुनर सिखाने वाला गढ़ बन चुका है। यहां पर जिला प्रशासन द्वारा मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग-अलग पाठयक्रमों जैसे- काष्ठ शिल्प, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, ड्राइविंग, राजमिस्त्री इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ ही उनकी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दी जा रही है। पढ़ने के लिए पाठ्य सामग्री, पुस्तकें, पेन-पेंसिल दिए गए हैं तथा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की व्यवस्था भी की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाईयां भी दी जाती हैं। कैम्प में मनोरंजनात्मक गतिविधियां जैसे कैरम, वाद्य यंत्र, विभिन्न प्रकार के खेल भी आयोजित किया जाता है। चौगेल पुनर्वास केंद्र में राजमिस्त्री, इलेक्ट्रिशियन, वाहन चालक के साथ ही कांकेर में घुड़सवारी का भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्तमान में सिलाई मशीन, काष्ठ शिल्प एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। स्वरोजगार के लिए सशक्त बनाने हेतु कृषि विभाग, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी, पशुधन विकास विभाग के साथ 'बिहान' के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है।

**प्रशिक्षण उपरांत नियोजन करने वाला पहला जिला बना कांकेर**-पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण उपरांत नक्सली पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार से जोड़ने वाला कांकेर पहला जिला बन चुका है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अपने हाथों से तीन नक्सली पीड़ित और एक आत्मसमर्पित नक्सली को निजी क्षेत्र में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा, इनमें पुनर्वासित सगनूराम आंचला एवं नक्सल पीड़ित रोशन नेताम, बीरसिंह मंडावी और संजय नेताम शामिल थे। इन सभी को निजी फर्म का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, जहां उन्हें 15 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय और अन्य प्रकार की वित्तीय सुविधाएं प्राप्त होंगी। इन्होंने चौगेल कैम्प में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्राप्त किया था तथा उन्हें निजी क्षेत्र में नियोजित किया गया है। मुख्यधारा में लौटकर प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार प्रदान करने के मामले में उत्तर बस्तर कांकेर पहला जिला है। निजी क्षेत्र में नौकरी मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए माओवाद पीड़ित श्री बीरसिंह मंडावी ने कहा कि ग्राम मुल्ला (चौगेल) के कैम्प में पुनर्जीवन मिला है, जहां निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें कुशल एवं पारंगत बनाया गया, वहीं प्रशिक्षण के बाद जिला प्रशासन द्वारा रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## गौवंश वध के तीन मामलों का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

**सिमगा ,9 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

थाना सिमगा क्षेत्र में गौवंश के क्रूरता पूर्वक वध के तीन मामलों का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी करण निषाद निवासी ग्राम कोलिहा ने 2 अप्रैल 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम कोलिहा और मांढर के बीच खार में अज्ञात आरोपियों द्वारा गौवंश का वध कर दिया गया है। घटनास्थल पर गौवंश का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। इसी प्रकार पूर्व में ग्राम अडबंधा मेन रोड और दरचुरा में भी गौवंश के वध की घटनाएं सामने आई थीं। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 तथा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 10 और 11 के तहत तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर थाना सिमगा पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज करते हुए घटनास्थल और आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की। साथ ही ग्राम गणेशपुर, विश्रामपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में मुखबिर तैनात कर जानकारी जुटाई गई। जांच के दौरान विश्वस्त सूत्रों से सूचना मिली कि ग्राम गणेशपुर के कुछ लोग गौवंश का वध कर मांस विक्रय करने में शामिल हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बालकों सहित चार आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने तीनों घटनाओं में गौवंश का वध कर मांस विक्रय करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने सभी आरोपियों को 6 अप्रैल 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## राजनांदगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई 32 लाख का चोरी का सामान जब्त

**राजनांदगांव ,9 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले में चोरी के सामान की अवैध खरीदी-बिक्री की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई में करीब 32 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के पर्यवेक्षण में 7 अप्रैल 2026 को 7 विशेष टीमों का गठन कर राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान कोतवाली, सोमनी और चौकी चिखली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर रेड डाली गई।

चिखली क्षेत्र में खैरागढ़ रोड स्थित एक कबाड़ी यार्ड में छापेमारी के दौरान मिनी ट्रक सहित करीब 17,210 किलोग्राम लोहे का सामान जब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 11 लाख रुपये आंकी गई। वहीं एक अन्य यार्ड से 27 वाहनों के नंबर प्लेट, इंजन, चेसिस, ट्रैक्टर पार्ट्स सहित करीब 5 लाख



रुपये का सामान बरामद किया गया। कोतवाली क्षेत्र के लखोली और कन्हारपुरी में की गई कार्रवाई में लोहे के पाइप, नंबर प्लेट, गैस सिलेंडर सहित करीब 1 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया। सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई में एक यार्ड से ट्रक में भरा लोहे का सामान, वाहन पार्ट्स और अन्य सामग्री जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई गई। इसके अलावा कैलाश नगर, कंचन बाग और ममता नगर स्थित कबाड़ी दुकानों में भी छापेमारी कर लोहे और एल्युमिनियम के विभिन्न सामान, वाहन पार्ट्स और सिलेंडर जब्त किए गए। इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने कुल 7 स्थानों से लगभग 32 लाख रुपये का सामान जब्त कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पूरी कार्रवाई में जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना कोतवाली, सोमनी और चौकी चिखली के पुलिस स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र अब तक नहीं खुला : मुकेश

**राजनांदगांव ,9 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मुकेश निर्मलकर ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ग्राम पंचायत ठाकुरटोला, सोमनी सहित आसपास लगे ग्रामों की जनसंख्या लगभग 50 हजार की संख्या में नागरिक निवास कर रहे हैं। वर्तमान में बैंकों, राज्य एवं केन्द्र छात्रवृत्ति सहित विभिन्न प्रकार के योजनाओं से मिलने वाले लाभ सीधे खाते में आते हैं। लेकिन शासन के नियमानुसार सभी योजनाओं व बैंकों में प्रत्येक 6 माह में केवायसी नागरिकों को कराना अनिवार्य होता है। श्री निर्मलकर ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार जनता को योजनाओं का लाभ न देकर डिजिटल प्रक्रिया में उलझाकर रख रही है। नतीजा यह हो रहा है कि जनता को योजनाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल रहा है। विदित हो कि छात्रवृत्ति कार्य भी आधार आधारित भुगतान होने के कारण विद्यार्थियों को आधार सीडिंग आदि कार्य भी कराना जरूरी हो गया है।



बच्चे छोटे होने के कारण दूरस्थ शहर में जाकर उक्त कार्य कराने में दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता हैं। आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, नक्शा, खसरा सहित छ.ग. शासन के विभिन्न योजनाओं से जुड़ने पंजीयन कराने हेतु डिजिटल सुविधा केन्द्र की आवश्यकता पड़ती है। श्री निर्मलकर ने बताया कि भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र पूरे प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में खोलने की घोषणा की थी।

## कर्मचारियों की आयुक्त विश्वकर्मा ने ली बैठक

**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आधार बेस उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश कर्मचारी अभी भी आधार बेस उपस्थिति नही लगा रहे है, शासन के निर्देशानुसार सभी को उपस्थिति लगाना अनिवार्य है, जिन्होने रजिस्टेªशन नही किया है वे तत्काल रजिस्ट्रेशन करावे। उन्होने कहा कि कर्मचारियो की सुविधा के लिए निगम के सभी कार्यालयो, तकनीकि शाखाओ में पाईंट तैयार किया गया है, सफाई कर्मियो के लिए भी क्षेत्र अनुसार पाईट बनाय गया है। जिसके आधार पर सभी कर्मचारी आधार बेस उपस्थिति लगाना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा आगामी माह में बिना आधार बेस उपस्थिति के वेतन काटने की कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी कर्मचारी सुबह निर्धारित समय में प्रार्थना में उपस्थित होना सुनिश्चित करे, कुछ कर्मचारियो की लंच के बाद देर से आने की शिकायत प्राप्त होती है, जोकि गलत है। निर्धारित समय तक कार्यालय में उपस्थित रहकर सौपे गये दायित्वो का निर्वाहन करे, समय पर काम नही करोगे तो काम पूरा नही होगा और दुसरा काम आ जायेगा, इसी लिए समय पर कार्यो का संपादन करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि अधिकांश कर्मचारी राष्ट्रीय पर्व के अलावा निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रमो तथा कर्मचारी अधिकारी के सेवानिवृत्त बिदाई समारोह में सूचना के बाद भी उपस्थित नही रहते, जोकि कार्य के प्रति लापरवाही है। भविष्य में कार्यक्रमो में उपस्थित नही होने की स्थिति में वेतन काटने की कार्यवाही की जावेगी। बैठक में आयुक्त ने शासन के निर्देशानुसार ई-आफिस के माध्यम से कार्य संपादित करने कहा, क्योकि शासन द्वारा मेनुअल काम बंद करने की तैयारी है, कार्यालय के सभी कार्य ई-आफिस के माध्यम से किया जायेगा। इस संबंध में कर्मचारियो को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसी प्रकार शासन की आई-गॉट कर्मचोगी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह एक ट्रेनिंग प्रोग्राम है और सभी कर्मचारियो को अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग लेना है। छोटे छोटे प्रोग्राम निर्धारित है, जिसकी 30 अपै्रल तक सभी को ट्रेनिंग करना है। ट्रेनिंग के पश्चात सर्टिफीकेट डाउनलोड करना है, आगामी माह में इस संबंध में जानकारी ली जायेगी, क्योकि इसके आधार पर सीआर भी लिखा जायेगा। इसके लिए प्रशिक्षित कर्मचारी से सहयोग लेकर कार्य करें। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी मई माह से चल रहे जनगणना कार्य में गति आवेगी, शासन के इस महत्वपूर्ण कार्य को समझकर सभी को गंभिरता से काम करना है.

## 6 घंटे में चना चोरी का खुलासा

**राजनांदगांव ,9 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

थाना बसंतपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक से चना चोरी के मामले का महज 6 घंटे के भीतर खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी




किया गया चना एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी रौनक जैन निवासी सदर बाजार राजनांदगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 अप्रैल 2026 को उनके ट्रक क्रमांक CG 08 AU 5984 में चना लोड कर मंडी परिसर में खड़ा किया गया था। अगले दिन सुबह जांच करने पर ट्रक का तिरपाल खुला मिला और जमीन पर चना बिखरा हुआ था। वजन कराने पर करीब 300 किलोग्राम चना कम पाया गया, जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। मामले में थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 157/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच की गई। टीम ने घटना स्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदेह के आधार पर चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी शरद यादव के कब्जे से 5 कट्टा चना (करीब 250 किलोग्राम) जिसकी कीमत लगभग 17 हजार रुपये है, बरामद किया। वहीं देवेन्द्र राजपूत से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और बाबू मरकाम उर्फ शशि से एक्टिवा जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों में शरद यादव, बाबू मरकाम उर्फ शशि, देवेन्द्र राजपूत और उमेश विश्वकर्मा शामिल हैं।

## अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के लिए एसपी ने दी सख्त हिदायत

**राजनांदगांव,9 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने जिले के सभी 18 थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा राजपत्रित अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक लेकर कानून-व्यवस्था की स्थिति और लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एसपी ने लंबित अपराधों के त्वरित निपटान, वर्तमान प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा NATGRID के माध्यम से मामलों के निराकरण पर विशेष जोर दिया। जिन प्रकरणों में बाहरी टीम भेजने की आवश्यकता है, उनके लिए स्पष्ट रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए। वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में प्राप्त शिकायतों की थाना-वार समीक्षा करते हुए प्रत्येक थाने में दर्ज शिकायतों, निराकृत प्रकरणों, एफआईआर, फाइनल रिपोर्ट, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और लंबित मामलों की स्थिति का विश्लेषण किया गया। पुराने लंबित प्रकरणों, विशेषकर धारा 173(8) सीआरपीसी के तहत लंबित चालानों के शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने स्पष्ट कहा कि विवेचना का मुख्य उद्देश्य दोषियों को सजा दिलाना होना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। जिन थानों में अधिक लंबित प्रकरण पाए गए या विवेचना में लापरवाही सामने आई, उनके खिलाफ स्पष्टीकरण और जांच के आदेश दिए गए। बैठक में बीट सिस्टम को मजबूत करने, सूचना संकलन को बेहतर बनाने और किसी भी घटना पर बीट प्रभारी एवं आरक्षक की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही "ऑपरेशन तलाश" के तहत गुमशुदा बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की खोज के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। अपराध नियंत्रण के लिए सूखे नशे पर रोक, गुंडा-बदमाशों पर कार्रवाई, किशोर जांच अभियान, रात्रि गश्त और औचक चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

# परिवारवाद का एक परिणाम यह भी है

हमारे देश की राजनीति में परिवारवाद सबसे बड़ी व सबसे गंभीर समस्या है लेकिन ज्यादातर राजनीतिक दल इसे न तो सबसे बड़ी समस्या मानते हैं और न ही गंभीर समस्या मानते हैं। उनके लिए राजनीति में परिवारवाद उनका आधिकार है, उसी तरह का अधिकार है जैसे राजा के बेटे का राजा बनना अधिकार होता था। पिता ने एक राजनीतिक दल बनाया है तो पिता के बाद उस राजनीतिक दल पर बेटे का अधिकार परंपरा से माना जाता है और जनता भी उसे कई जगह मानती है। जनता की सोच रहती है कि परिवार ने हमारे लिए बहुत कुछ किया है, इसलिए वह पिता की सेवा को याद कर पुत्र को जिता देती है। जनता को किसी किसी क्षेत्र में परिवारवाद के फायदे दिखते हैं, उसे यह नहीं दिखता है कि परिवारवाद के कारण राज्य की राजनीति व देश की राजनीति को कितना नुकसान हो रहा है।वह सोच नहीं पाती है कि पार्टी जब किसी परिवार की होती है तो उसमें सही हो या गलत हो फैसला परिवार ही करता है।यानी पार्टी लोकतंत्र की होती है लेकिन वह चलती है तानाशाही से यानी परिवार जैसा चाहेगा पार्टी वैसे ही चलेगी। राजनीति में परिवार के लोगों को ही ज्यादा मौका मिलेगा, ज्यादा पद मिलेंगे, ज्यादा टिकट दिए जाएंगे, परिवार के लोग




ही ज्यादा जीतेंगे। यानी परिवार की पार्टी है तो राजनीति में नए लोगों के आने का मौका कम, आगे बढ़ने का मौका कम। राजनीति में परिवारवाद का एक नुकसान यह भी होता है। परिवार की पार्टी सत्ता में है तो सरकारी काम व सरकारी ठेके भी परिवार के लोगों को दिए जाते हैं। परिवार की पार्टी चुनाव जीतती है तो सरकार भी परिवार की होती है।सरकार भी परिवार की है तो परिवार के लोगों को लगता है कि हमको सरकारी ठेका या काम प्राथमिकता के आधार पर मिलना चाहिए। परिवारविरोधी परिवार को प्राथमिकता देने को भ्रष्टाचार मानते हैं। यही हुआ है अरुणाचल प्रदेश में।अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू पर एक एनजीओ ने आरोप लगाया है कि सीएम के परिजनों से जुड़ी कंपनियों करोड़ों के ठेके दिए गए हैं।सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं।राज्य सरकार के हलफनामे में स्वीकार किया गया है कि पिछले दस सालों में२१०७९ कार्यों में से केवल १२१ ठेके ४ कंपनियों को दिए गए है जो सीएम के परिजनों से जुड़ी बताई जा रही हैं। अरुणाचल सरकार मान रही है और बता रही है कि कायदे से सीएम के परिजनों से जुड़ी कंपनियों को जो ठेके दिए गए हैं वह तो बहुत ही कम है और यह सच भी है। बड़े राज्यों से तुलना की जाए तो सीएम के परिजनों व समर्थकों को इससे ज्यादा ठेके दिए गए होंगे यानी इससे कई गुना ज्यादा इस तरह का भ्रष्टाचार तो ज्यादातर राजनीतिक दलों के समय हुआ है और होता रहा है और होता रहेगा।सिध्दांत के तौर पर यह कहना,सुनना व पढ़ना अच्छा लगता है कि राज्य सरकार सार्वजनिक संसाधनों की मालिक नहीं,जनता की ओर से ट्रस्टी होती है।ठेके व संसाधनो का आवंटन निष्पक्ष होना चाहिए। कोर्ट को न दिखाई दे लेकिन जनता तो रोज अखबार में पढ़ती है कि ज्यादातर राज्य सरकारों में ठेका कैसे दिया जाता है। किसको दिया जाता है और क्यों दिया जाता है। जनता यह भी जानती है कि यह लाइलाज बीमारी है और हर क्षेत्र इससे कम-ज्यादा प्रभावित है।

**महिला आरक्षण**

# आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को सशक्त करें

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगीहै। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा।

यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं, और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं।

इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं।

इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र



निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है।

लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है।

पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।

महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो।

अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है।

संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन सुनहरा गुजरेगा। आज किसी घनिष्ठ मित्र के सहयोग से बेकरी का बिजनेस करने वालों को दोगुना मुनाफा होने का योग है और आपकी आर्थिक बेहतर होगी। आज आपको जीवन में मौज-मस्ती के कुछ बेहतर मौका मिल सकते हैं। पास पड़ोस में कुछ लोग आपके लिए खास साबित हो सकते हैं साथ ही किसी जरूरी काम में आपको दोस्तों का सपोर्ट भी मिलेगा। आज खुद को बेहतर साबित करने के लिए दिन अच्छा है आप अपने आपको भाग्यशाली महसूस करेंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको अपने करियर में बदलाव लाने के लिए कुछ नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस राशि के जातकों को राजनीति के क्षेत्र में सफलता मिल मिलेगी। जीवनसाथी से मनपसंद की कोई चीज उपहार में मिल सकती है। आज आपके सारे रुके हुए जरूरी काम पूरे हो जाएंगे। आज आपको उम्मीद अधिक धनलाभ होने की संभावना है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। सॉफ्टवेयर इंजीनीयर्स को किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। लेकिन आज काम ज्यादा और लाभ कम, इस तरह की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। आज आपको वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कारोबारी में व्यावसायिक साझेदारी करते समय घर के बड़ों की सलाह जरूर लें, ऐसा करने से आपको आज काफी फायदा हो सकता है। आज ऑफिस में काम बिना किसी स्ट्रेस के पूरा हो जाएगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके शुभ फलदायी रहेगा। आज आपके कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होता नजर आएगा। आज दोस्तों के साथ बिगड़े हुए रिश्तों में भी सुधार आ सकता है। आपका भौतिक सुख-सुविधाओं की तरफ रुझान बढ़ सकता है। अगर आज आपके मन में कोई बात दबी हुई हो तो उसे खुलकर सामने लाए अपनी मां से जरूर शेयर करें। ऐसा करने से अपका मन शांत होगा और आपकी परेशानियों का हल भ निकलेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज का दिन कुछ खास कामों के लिए दिन बेहतर है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। व्यापार के सिलसिले में आज आप यात्रा पर भी जा सकते है, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। आपके अच्छे अनुभव और कार्यकुशलता के कारण आपके साथी आपसे कुछ सलाह लेंगे। आज घर पर कुछ खास मेहमानों के आगमन से घर का माहौल खुशनुमा होगा और फिर शाम तक छोटी सी पार्टी का आयोजन हो सकता है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए लकी होने वाला है। काफी दिनों से रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आपको शैक्षिक के क्षेत्र में उन्नति मिल मिलेगी। लोग आपकी योजनाऔ से काफी प्रभावित होंगे। आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। आपका कॉन्फिडेंस लेवल बढिय़ा रहेगा , आज जो भी काम आप करेंगे उसमें कामयाबी अवश्य मिलेगी। साथ ही आज आपका भाग्य भी आपका साथ देगा। रचनात्मक कार्यों में आपका रूझान बढ़ेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके फेवर में रहेगा। आज आप किसी भी जरूरी कामकाज को निपटाने में सफल होगें। आज ऑफिशियल कामों में आप अधिक व्यस्त रहेंगे साथ ही आज कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। परिवार में आपसे छिपाई गई कुछ बातें आज आपके सामने भी आ सकती है। जीवनसाथी के साथ कुछ अच्छे पल बिताने का अवसर मिलेगा। संतान के साथ विवाद होने की संभावना बन रही है। किसी भी मामले को बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करेंगे तो आपके रिश्ते अच्छे बने रहेंगे।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपके बिगड़े हुए काम भी काम बनेंगे। किसी दूसरे का उत्साह देखकर आप उत्साहित हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स अगर किसी नये कोर्स में एडमिशन लेना चाह रहे हैं, तो आज का दिन बेहद शुभ है। साहित्य से जुड़े लोगों को उनकी काबिलीयत के लिए सम्मानित किया जा सकता है। आज आप दूसरों की जरूरतों को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे। बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको कोई अच्छा-सा गिफ्ट दे सकते हैं। सोसाइटी में आपका रुतबा बढ़ेगा।

धनु राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अचानक से धन लाभ होने की संभावना है। आय के कुछ नए स्रोत सामने आएंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। कार्य योजनाएँ आज समय से पूरे हो जाएंगी। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी। फैशन डिजाइनिंग से जुड़े क लोगों आज सफलता के नए स्रोत मिलेंगे। आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेगा। इससे आपका मन खुश हो जाएगा। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल भी खुशनुमा बना रहेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन मिला-जुला अनुभव देने वाला रहेगा। अगर आप संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नये रास्ते नजर आ सकते हैं। आज आपको अपने जीवनसाथी से कोई ऐसी चीज भी मिल सकती है, जिसका आपको बहुत दिनों से इंतजार था। किसी पुराने मित्र से भी आज आपकी मुलाकात हो सकती है। आज आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर है।

कुंभ राशि- आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आपके सोचे हुए सारे काम पूरे होंगे। इसके अलावा आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के बारे में भी विचार कर सकते है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मधुरता आएगी। आपके मन में सकारात्मकता रहेगी। इससे आपको काफी फायदे भी होगा। आज पुराने कामकाज की नई योजनाएं समय से पूरी हो जाएंगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी। आज अपनी ऊर्जा का प्रयोग आप सही दिशा में लगाएंगे जिसके आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा।

मीन राशि- आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आपको ऑफिस में अपने काम की प्रशंसा के लिये थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को धन लाभ के मौके मिल सकते हैं। लेकिन जिम्मेदारियों के बोझ से आपका मूड थोड़ा खराब हो सकता है, लेकिन शाम तक मूड ठीक हो जाएगा। शाम को दोस्तों के साथ घूमने का प्लान भी बना सकते हैं। संतान पक्ष से भी कोई बड़ी खुशखबरी आज आपको मिल सकती है।

## सू- दोकू क्र.003

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.002का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -003

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 24 | ■ | 25 | | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 002 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

# बस्तर 2.0 : सशस्त्र माओवादियों के खात्मे के बाद विकास का रोड मैप

**अशोक कुमार साहू**



लगभग साढ़े चार दशक तक हिंसा, भय और अविश्वास के साये में जीने वाला बस्तर आज एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सशस्त्र माओवादियों के खात्मे संबंधी बयान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा गृह मंत्री विजय शर्मा के दृढ़ दावों ने यह संकेत दिया है कि बस्तर अब एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। यह केवल सुरक्षा परिदृश्य में बदलाव नहीं, बल्कि एक लंबे संघर्ष के बाद उभरती उम्मीदों का क्षण है। लेकिन यह भी उतना ही स्पष्ट है कि बंदूकों की खामोशी अपने आप विकास की गारंटी नहीं देती।अब असली परीक्षा इस शांति को स्थायी बनाते हुए बस्तर को विकास, विश्वास और अवसरों की मुख्यधारा में शामिल करने की है। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री साय का नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर 'बस्तर रोडमैप 2.0' का विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण और समयोचित पहल है। यह पहल केवल योजनाओं का संग्रह नहीं, बल्कि उस सोच का प्रतीक है जो बस्तर को सुरक्षा समस्या के नजरिए से निकालकर विकास की संभावनाओं के केंद्र के रूप में देखना चाहती है। बस्तर में आई शांति अचानक नहीं आई है। इसके पीछे सुरक्षा बलों के हजारों जवानों और निर्दोष नागरिकों की शहादत जुड़ी है। दशकों की हिंसा के बाद जो स्थिरता हासिल हुई है, उसे बनाए रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इतिहास यह भी बताता है कि केवल सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं होते; यदि विकास और सामाजिक न्याय समानांतर रूप से नहीं चलते, तो असंतोष फिर सिर उठा सकता है। इसी संदर्भ में 'बस्तर 2.0' का ब्लूप्रिंट महत्वपूर्ण हो जाता है, जो 'सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेज' जैसी रणनीति पर आधारित है। इसका स्पष्ट संकेत है कि सरकार केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर भी जोर दे रही है।

बस्तर की सबसे बड़ी समस्या हमेशा से कनेक्टिविटी रही है। घने जंगल, दुर्गम भौगोलिक स्थिति और कमजोर सड़क नेटवर्क ने इस क्षेत्र को विकास से दूर रखा। प्रस्तावित योजना के तहत 228 नई सड़कों और 267 पुलों का निर्माण, साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्यों को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य, इस दिशा में बड़ा कदम है। रेल लाइन विस्तार, एयरपोर्ट विकास और इंद्रावती नदी पर बैराज निर्माण जैसी परियोजनाएं न केवल कनेक्टिविटी सुधारेंगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी। यह समझना जरूरी है कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और प्रशासन तक पहुंच का माध्यम भी है।

बस्तर के विकास की असली कसौटी शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार होगी। एजुकेशन सिटी, मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की योजनाएं इस दिशा में सकारात्मक संकेत देती हैं। 45 पोटा केबिन स्कूलों को स्थायी भवनों में बदलने का निर्णय भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अस्थायी व्यवस्था से स्थायी संस्थागत ढांचे की ओर संक्रमण का प्रतीक है।

स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करना और डॉक्टरों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनाना, उन



व्यावहारिक समस्याओं को संबोधित करता है जो अब तक डॉक्टरों की कमी का कारण रही हैं।

इंद्रावती नदी पर देउरगांव और मटनार में सिंचाई परियोजनाओं से 31,840 हेक्टेयर भूमि को लाभ मिलने की संभावना है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों किसानों के जीवन में बदलाव की संभावना है। बस्तर की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि और वनोपज पर आधारित है, ऐसे में सिंचाई सुविधा का विस्तार आर्थिक स्थिरता का आधार बनेगा। सरकार की तीन वर्षीय योजना के तहत 2029 तक 85% परिवारों की आय 15,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये करने का लक्ष्य महत्वाकांक्षी जरूर है, लेकिन यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो यह सामाजिक बदलाव का बड़ा माध्यम बन सकता है। इसके साथ ही लघु वनोपज के मूल्य संवर्धन, स्थानीय उत्पादों के ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ने पर भी समानांतर ध्यान देना होगा। बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से समृद्ध है। चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात और कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैसे स्थल वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। कैनोपी वॉक, ग्लास ब्रिज और एडवेंचर टूरिज्म जैसी परियोजनाएं इस दिशा में नए आयाम जोड़ सकती हैं।

'बस्तर ओलंपिक' और 'बस्तर पंडुम' जैसे आयोजन स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर लाने का प्रयास हैं। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी नई पहचान और अवसर मिलेंगे। बस्तर के वर्तमान को समझने के लिए उसके अतीत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 2005 में शुरू हुआ सलवा जुडूम अभियान, जो नक्सलवाद के खिलाफ जन आंदोलन के रूप में शुरू हुआ था, समय के साथ विवादों में घिर गया। बड़े पैमाने पर विस्थापन, मानवाधिकार उल्लंघन और सामाजिक विभाजन ने इसे एक असफल प्रयोग बना दिया।इसी तरह 2013 का झीरम घाटी हमला, जिसमें महेंद्र कर्मा, नंद कुमार पटेल और विद्याचरण शुक्ल जैसे वरिष्ठ नेताओं समेत 32 लोगों की जान गई, बस्तर के इतिहास का सबसे दर्दनाक अध्याय है। यह घटना केवल एक हमला नहीं थी, बल्कि उस समय नक्सलियों की ताकत और राज्य की सीमाओं का प्रतीक थी।

इन घटनाओं से सबसे बड़ी सीख यह मिलती है कि किसी भी समस्या का समाधान केवल बल प्रयोग से नहीं, बल्कि संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण से ही संभव है। नक्सलवाद के कमजोर पड़ने के बाद सबसे बड़ी चुनौती आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की भी है। केवल आर्थिक सहायता देना पर्याप्त नहीं होगा। उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ना होगा। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है समाज में उनकी स्वीकार्यता सुनिश्चित करना, ताकि वे फिर से हिंसा की ओर न लौटें। इसके साथ ही आदिवासी समुदाय को उनके वन अधिकारों का पूर्ण लाभ देना, उनकी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान करना और उन्हें विकास प्रक्रिया में भागीदार बनाना अनिवार्य है। 'बस्तर मुन्ने' जैसे कार्यक्रम यदि ईमानदारी से लागू होते हैं, तो वे शासन और जनता के बीच भरोसे की खाई को पाट सकते हैं।

'बस्तर 2.0' का ब्लूप्रिंट एक सकारात्मक शुरुआत है, लेकिन इसकी सफलता पूरी तरह क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। योजनाएं तभी सफल होंगी जब उनमें पारदर्शिता, जवाबदेही और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

प्रधानमंत्री के संभावित बस्तर दौरे और केंद्र सरकार के विशेष पैकेज की उम्मीदें इस क्षेत्र के लिए नई संभावनाएं खोल सकती हैं। यदि केंद्र और राज्य मिलकर दीर्घकालिक दृष्टि के साथ काम करें, तो बस्तर न केवल हिंसा से उबर सकता है, बल्कि विकास का एक मॉडल भी बन सकता है। दरअसल, बस्तर की कहानी केवल एक क्षेत्र की नहीं, बल्कि उस भारत की कहानी है जो संघर्ष से निकलकर विश्वास और विकास की ओर बढ़ रहा है। शांति की यह नई शुरुआत तभी स्थायी होगी, जब इसके साथ न्याय, समावेशन और अवसरों की ठोस बुनियाद भी खड़ी की जाए।

अवैध कटाई व परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही

# सागौन लकड़ी के बाद वन विभाग ने जलाऊ लकड़ी ले जा रहा मिनी ट्रक किया जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,9 अप्रैल।** वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर वन विभाग द्वारा ईमारती एवं जलाऊ लकड़ी की अवैध कटाई और परिवहन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। सागौन लकड़ी से भरे ट्रक और ट्रैक्टर पकड़ने के बाद अब विभाग ने जलाऊ लकड़ी से भरे एक मिनी ट्रक को भी जब्त किया है।

बस्तर डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम लगातार वन संपदा की सुरक्षा के लिए अभियान चला रही है। इसी क्रम में 7 अप्रैल को वन परिक्षेत्र करपावंड के ग्राम गारेंगा बाजार चौक में कार्रवाई करते हुए महुआ एवं आम प्रजाति की मिश्रित 7 चट्टा जलाऊ लकड़ी से भरे टाटा 1109 (क्रमांक सीजी 27 जी 0144) वाहन को पकड़ा गया। जांच के दौरान वाहन चालक



भवानी प्रसाद सूर्यवंशी, निवासी देउरबाल (थाना अनतपुर, तहसील माकड़ी, जिला कोंडागांव) द्वारा लकड़ी परिवहन के लिए कोई वैध अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद परिसर रक्षक गारेंगा तुलेश बघेल ने चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लकड़ी और वाहन को जब्त कर लिया।यह कार्रवाई भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं छत्तीसगढ़ अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 के तहत की गई है। मामले की जानकारी राजसात कार्रवाई हेतु प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी बस्तर को भेजी गई है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशन में मुख्य वनसंरक्षक आलोक कुमार तिवारी एवं वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में अवैध कटाई, परिवहन, तस्करी और अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पिकअप के अनियंत्रित होकर पलटने से 30 मजदूर घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 9 अप्रैल।** बीजापुर जिले के बारेगुड़ा क्षेत्र से महाराष्ट्र जा रही पिकअप वाहन सोमनपल्ली गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार 25 से 30 मजदूर घायल हो गए हैं। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम में उपचार किया जा रहा है। 11 मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। 4 मजदूरों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक बारेगुड़ा क्षेत्र के मजदूर काम की तलाश में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराष्ट्र में मिर्ची तोड़ने जा रहे थे। पिकअप में अधिक लोग होने के कारण अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायल मजदूरों को इलाज हेतु नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम में भर्ती किया गया। हादसे में 11 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। डॉक्टरों के अनुसार 4 घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।हादसे की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस और



प्रशासनिक टीम घटना स्थल पर पहुंच गई है। दुर्घटना के कारणों की पातासाजी की जा रही है। इस घटना से परिवहन विभाग की लापरवाही उजागर हो गई है। ओवरलोडिंग वाहनों पर नकेल कसने की जरूरत है, किंतु विभाग नाकाम रहा जिससे इतना बड़ा हादसा हुआ। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों से हर वर्ष सैकड़ों हजारों मजदूर काम की तलाश में तेलंगाना, आंध्र और महाराष्ट्र की ओर पलायन करते हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रोजगार के अवसर मुहैया कराने में विफल हो रहा है जिससे पलायन कर लोग काम की तलाश में अन्य राज्यों में जाने हेतु विवश है।

# दुलना में महानदी पर बने अवैध रपटों, वसूली नाका को बुलडोजर से तोड़ा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 9 अप्रैल।** राजिम गोबरा नवापारा तहसील के ग्राम पंचायत दुलना में प्रशासन ने बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए महानदी पर बने अवैध रपटों (रास्तों) और जबरन वसूली नाका को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। लंबे समय से चल रही अवैध वसूली और नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा की शिकायतों के बाद यह सख्त कदम उठाया गया।

मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचते ही तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण तैयार कर अभनपुर के एसडीएम को सौंपा। गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने लिखित आदेश जारी कर अवैध रपटों को तत्काल तोड़ने और वसूली में शामिल लोगों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।आदेश के पालन में प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नदी के भीतर बनाए गए सभी अवैध रपटों को तोड़ा और वसूली नाका के रूप में बनाई गई झोपड़ी को जमींदोज कर



दिया। जानकारी के अनुसार, इस अवैध वसूली में ग्राम विकास समिति के कुछ सदस्यों की संलिप्तता भी सामने आई है, जिसकी जांच जारी है। शाम तक संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक मायाराम साहू, पटवारी नंदू साहू, ग्राम पंचायत सरपंच और अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने बिना किसी भेदभाव के अवैध निर्माणों को हटाते हुए कानून का सख्ती से पालन किया। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से अवैध रपटा बनाकर वाहनों से पैसे वसूले जा रहे थे, जिससे आमजन परेशान थे और नदी का पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा था।प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण और वसूली के खिलाफ प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति का सशक्त संदेश मानी जा रही है।

# पुदीना बन गया है वंडर हर्ब

**रायपुर,9 अप्रैल।** आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों को आगे बढ़ाते हुए आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया ने इस तीव्र मौसम में पुदीना को एंटी ऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त बताते हुए उन लोगों को रोजाना पुदीना के उपयोग की सलाह दी हैं जो दिन में लंबे समय तक धूप में रहते हैं और आम गर्मी की बीमारियों के शिकार होते हैं।

आज के पत्रवार्ता में डाबर इंडिया के मार्केटिंग डायरेक्टर श्रीराम पद्मनाभन ने कहा कि जीवन शैली में विकसित रुझानों और उपभोक्ताओं के काम का पैटर्न देखने पर पता चलता है कि आज सभी बहु-मुखी कार्य कर रहे हैं और इसलिए उन्हें प्रभावी और प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता होती है। डाबर पुदीन हरा कई गैस्ट्रिक विकारों के लिए एक निश्चित समाधान है। गर्मियों के मौसम के दौरान प्रचलित कई बीमारियों को ध्यान में रखते हुए, पुदीन हरा बदहजमी, गैस और एसिडिटी जैसे पेट की समस्याओं के समाधान में मदद करता है।आयुर्वेद फिजिशियन डा.



चंद्रमौली यादव ने कहा आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आधुनिक समय की बीमारियों का सबसे अच्छा प्रबंधन गहराई से छिपा हुआ है। पुदीना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि 3,000 साल पुरानी है और इसे वंडर हर्ब के रूप में नामित किया गया है जो मानव पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है। पुदीना में मौजूद मेन्थॉल पाचन के लिए जरूरी एंजाइमों को उत्तेजित करता है, पेट की मांसपेशियों को आराम देता है, अपचन और मरोड़ की संभावनाओं को कम करता है। यह पेट की ऐंठन, अम्लता और पेट फूलना आदि पर इसके शांत प्रभाव के लिए भी जाना जाता है। आज बाजार में बहुत से एंटासिड उपलब्ध हैं जिनमें एल्यूमीनियम मैग्नीशियम हाइड्रोक्साइड जैसे कठोर रसायन होते हैं जो नियमित रूप से लेने पर स्वास्थ्य पर कुछ हानिकारक प्रभाव छोड़ सकते हैं। डाबर पुदीन हरा जो डाबर का 100 साल पुराना ब्रांड है, गैस, अपचन, पेट दर्द और अम्लता जैसी सभी पेट समस्याओं में तेजी से और प्रभावी राहत देने के लिए पुदीना सत्व के गुणों के साथ एक आयुर्वेदिक उपचार है। पुदीन हरा कई रूपों जैसे टैबलेट / तरल पदार्थ, पाउडर, पुदीन हरा फिज के रूप में उपलब्ध है जो कठोर रसायनों के विपरीत अम्लता का एक प्राकृतिक उपचार है।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक मोबाइल टावर पर चढ़, पुलिस ने सकुशल उतारा

**जगदलपुर, 9 अप्रैल ।** जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत धरमपुरा के विशाल मेगा मार्ट के पास स्थित मोबाइल टॉवर पर दीपक विश्वकर्मा नामक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। लोगों ने युवक को देखकर पुलिस को सूचना दी।

## एक नजर

### दंतेश्वरी वार्ड में जल संकट गहराया 24 घंटे से पानी सप्लाई ठप

**जगदलपुर।** नगर निगम प्रशासन द्वारा ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर के कई वार्डों में जल संकट की स्थिति बनी हुई है। देखरेख के अभाव में कहीं मोटर खराब हो रही है तो कहीं अन्य तकनीकी दिक्कतों के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इसी क्रम में नगर के दंतेश्वरी वार्ड में भी जल संकट गहराता जा रहा है। वार्ड में बोर खराब हो जाने के कारण बीते 24 घंटे से अधिक समय से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। पानी की सप्लाई बंद होने से वार्डवासी गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं।पानी की कमी के चलते लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि वार्ड में त्राहिमाम की स्थिति पैदा हो गई है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द से जल्द बोर की मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है।फिलहाल, कुछ स्थानों पर टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन यह व्यवस्था पर्याप्त नहीं साबित हो रही है।

### 3 अगस्त से होगी विभागीय परीक्षा 19 जून तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर, 9 अप्रैल (तछसं.)।** बस्तर संभाग के अंतर्गत कार्यरत शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आगामी 3 अगस्त से विभागीय परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। राज्य शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में स्पष्ट किया गया है, कि आगामी विभागीय परीक्षाएं 3 अगस्त से प्रारंभ होकर 10 अगस्त 2026 तक संचालित की जाएंगी। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार वर्ष 2026 की विभागीय परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। विभागीय परीक्षा के लिए 19 जून तक आवेदन जमा होंगे। इस संबंध में संभाग के सातों जिलों बस्तर, कांकेर, दन्तेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा और कोण्डागांव के कलेक्टरों को विधिवत सूचना भेज दी गई है ताकि स्थानीय स्तर पर सभी विभागों में इसकी जानकारी समय पर पहुंच सकेइन परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक पात्र अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# स्वास्थ्य सेवाओं के आउटसोर्सिंग पर लखेश्वर बघेल का सरकार पर हमला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जारी नए कार्य आदेश के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि सरकार अपनी जिम्मेदारियों से बचते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को बाहरी एजेंसियों के हवाले कर रही है। लखेश्वर बघेल ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 फरवरी 2026 को जारी आदेश में ÷छत्तीसगढ़ एकीकृत निदान प्रबंधन प्रणाली÷ लागू करने की जिम्मेदारी एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड को सौंपी गई है। यह कंपनी तिरुवनंतपुरम (केरल) स्थित केंद्र सरकार के अधीन एक मिनी रत्न सार्वजनिक उपक्रम है। उन्होंने आरोप लगाया



कि इस योजना के तहत राज्य के सरकारी अस्पतालों में जांच सेवाएं, लैब संचालन, मशीनों का प्रबंधन, मानव संसाधन, दवाइयां और पूरी डायग्नोस्टिक व्यवस्था एक बाहरी संस्था को सौंप दी जाएगी। इसे आउटसोर्सिंग मॉडल बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे सरकारी स्वास्थ्य तंत्र कमजोर होगा और स्थानीय स्तर पर जवाबदेही समाप्त हो सकती है। बस्तर जैसे दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों का जिक्र करते हुए बघेल ने कहा कि यहां पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है। ऐसे में राज्य के बाहर की एजेंसी को जिम्मेदारी देने से स्थानीय जरूरतों और परिस्थितियों की अनदेखी होगी, जिससे लोगों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में कठिनाई आ सकती है।उन्होंने राज्य सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने और सरकारी स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की मांग की है।

# दो बंदरों की हत्या के मामले में ग्रामीण गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग,9 अप्रैल।** दुर्ग जिले के बोरी थाना क्षेत्र के स्थित ग्राम दनिया में दो लंगूरों की एयरगन से गोली मारकर हत्या की गई चना फसल को नुकसान पहुंचाने के संदेह में ग्रामीण ने बंदरों पर गोली चला दी। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया दुर्ग वन विभाग और बोरी थाना पुलिस प्रशासन की टीम ने ग्राम दनिया में कार्रवाई की जांच में सामने आया कि गांव निवासी अजय पटेल ने एयरगन से दो लंगूरों को गोली मारी गोली लगने से दोनों बंदरों की मौके पर ही मौत हो गई चना फसल खराब करने का शक बताया जा रहा है कि आरोपी को शक था कि लंगूर उसकी चना फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे। इसी वजह से उसने



एयरगन से उन पर गोली चला दी। घटना के बाद एक बंदर के शव को जमीन में दफना दिया गया, जबकि दूसरे बंदर का शव खुले में छोड़ दिया गया, जिसे बाद में कुत्तों ने नोच डाला मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। टीम ने गांव में पूछताछ कर आरोपी को पकड़ लिया। मौके से एयरगन और बंदर का शव बरामद किया गया मृत बंदर हनुमान लंगूर प्रजाति के थे वन विभाग ने बताया कि मृत बंदर हनुमान लंगूर प्रजाति के थे, जो वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-2 में शामिल हैं। इस प्रजाति का शिकार करना कानूनन अपराध है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि बंदर की मौत एयरगन के छर्रे लगने से हुई वन विभाग ने आरोपी अजय पटेल के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39 और 51 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 6983/17 दर्ज किया इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेकर 21 अप्रैल तक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने धुड़मारास में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,9 अप्रैल।** बस्तर जिले के छोटे से गांव धुड़मारास ने देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित इस गांव का चयन संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा ÷सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम÷ के लिए किया गया है।बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव धुड़मारास पहुंचे, जहां उन्होंने बांबू राफ्टिंग का आनंद लिया और होम स्टे का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों एवं युवाओं से मुलाकात कर उनसे चर्चा भी की।किरण देव ने कहा कि इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए 60 देशों से चुने गए 20 गांवों में भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के धुड़मारास का चयन होना पूरे बस्तर के लिए गौरव की बात है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए बस्तर जिला प्रशासन तथा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।उन्होंने कहा कि धुड़मारास की सफलता का मुख्य श्रेय यहां के स्थानीय निवासियों को जाता है, जिन्होंने अपने पारंपरिक ज्ञान और संसाधनों को सहेजते हुए इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल में विकसित किया है। यह गांव अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है।बस्तर की अद्भुत आदिवासी जीवनशैली, पारंपरिक व्यंजन, हरियाली और जैव विविधता से समृद्ध यह गांव पर्यटकों के लिए न केवल आकर्षक बल्कि रोमांचक अनुभव भी प्रदान करता है।

यहां के ग्रामीण अपने घरों को होम स्टे के रूप में उपलब्ध कराते हैं, वहीं गांव के युवा पर्यटकों को आसपास के क्षेत्रों की सैर कराते हैं।धुड़मारास दुनिया के उन 20 गांवों में शामिल है, जिन्हें इस उन्नयन कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला है। इससे गांव को पर्यटन ढांचे को मजबूत करने, सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने और ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे। साथ ही, इससे बस्तर में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।इस अवसर पर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप, मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद, गागराराम, फूलसिंह सेठिया, सरपंच गेनबती बधेल, सुबाय नाग, पार्वती कश्यप, नुकुल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बकावंड में आयोजित सरपंच संघ की बैठक में पंचायतों के समग्र विकास पर बनी रणनीति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,9 अप्रैल।** जनपद पंचायत बकावंड में पंचायतों के समग्र विकास को लेकर सरपंचों की सक्रियता बढ़ती नजर आ रही है। इसी कड़ी में 7 अप्रैल को अटल समरसता भवन में ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के सभी सरपंचों ने भाग लेकर विकास की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व्यवस्था, वृद्धा पेंशन, श्रद्धांजलि योजना, सोलहवें वित्त आयोग की राशि तथा वन भूमि पट्टे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इन सभी बिंदुओं पर प्रभावी अमल के लिए कार्ययोजना तैयार कर उसे जमीन पर उतारने का संकल्प लिया गया।संघ अध्यक्ष रीमा बघेल,



उपाध्यक्ष फूलमनी, सचिव संतोष कुमार कश्यप, मीडिया प्रभारी नीलम कश्यप, संरक्षक अर्जुन कश्यप, पाकलू कश्यप, श्रीराम, मनबोध, अमर बघेल, गजामी, बलिराम, नरेश बिसाई, कोरटा सरपंच दादा तथा शिक्षा समिति से अशोक बघेल सहित सभी सरपंचों ने एक स्वर में कहा कि ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। साथ ही ग्रामीणों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराना और शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य है।संघ के सचिव संतोष कुमार कश्यप एवं मीडिया प्रभारी नीलम कश्यप ने बताया कि सभी सरपंच अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चुना है, उस पर खरा उतरने और गांवों के विकास को गति देने के लिए सभी सरपंच पूरी तरह संकल्पित हैं।

# सतनामी समाज जिला कोंडागांव के पदाधिकारियों ने शपथग्रहण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव,9 अप्रैल।** अखिल भारतीय सतनामी समाज जिला कोंडागांव के तत्वाधान में 08 अप्रैल 2026, बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन ऑक्सन हॉल, डिपो कोंडागांव में सम्पन्न हुआ। जिसमें समाज के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मान. नरपति पटेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मान. जसकेतु उसेंडी उपाध्यक्ष नगर पालिका कोंडागांव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मान. श्री धंसराज टंडन जी (संभागीय अध्यक्ष, अ.भा.स.स. बस्तर संभाग) ने की। इसके साथ ही विभिन्न गणमान्य अतिथियों में लखमूराम टंडन प्रधान संयोजक 100गवा, बीडी चेलक प्रचार्य नवोदय




विद्यालय, सुरेश बेर अध्यक्ष निर्वाचन समिति, पंकज आदिले, आर एल बंजारे दंतेवाड़ा, कुंजबिहारी पटेला, राजा बाँधे, गणेश्वर आजाद, ओमप्रकाश सेवक, श्यामाचरण लहरे, संतू बांधे जिलाध्यक्ष बस्तर, शिवनारायण भारद्वाज जी,आर. के. बंजारे सरंक्षक सतनामी समाज, सहित अनेक विशिष्ट जन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा सतनाम धर्म प्रवर्तक गुरुघासीदास बाबाजी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण की गई ततपश्चात अतिथियों का फूलमाला से स्वागत किया गया। समारोह में समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सुरेश कुमार बघेल जिला अध्यक्ष, वासुदेव जिला सचिव, विशाल बंजारे जिला कोषाध्यक्ष, भागवत प्रसाद चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारियो ने शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए समाज की एकता, संगठन एवं विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही तथा पूरे आयोजन का वातावरण उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण रहा। कार्यक्रम का मच संचालन चंद्रेश चतुर्वेदी प्रवक्ता ने किया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुचरण मार्कण्डे, गणेश कोसले, लछुराम कोसरे, ओमप्रकाश सेवक, छेरकुराम सत्यवंशी, रामकिशोर बेर, लखेश कुमार बेर, डिकेश मिर्झा, भुने बंजारे, लखराज टण्डन, योगेंद्र चतुर्वेदी, नरेंद्र मार्कण्डेय, अभय गायकवाड़, रामजी बघेल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के पश्चात सभी के लिए भोजन व्यवस्था भी की गई थी।

# आदिवासी समाज ने विकास, संरक्षण व धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर, 9 अप्रैल।** बस्तर के आदिवासी समाज ने क्षेत्र के समग्र विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक समरसता को लेकर केंद्र और राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भेजा गया है। ज्ञापन में चिंता जताई गई है कि वर्तमान समय में कुछ सामाजिक और धार्मिक प्रभावों के कारण आदिवासी समाज में भ्रम और सांस्कृतिक विचलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसमें कहा गया है कि अशिक्षा और गरीबी का लाभ उठाकर कुछ जगहों पर लोगों को उनके पारंपरिक विश्वासों से दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे सामाजिक समरसता प्रभावित हो सकती है। साथ ही धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की गई है। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दबाव में होने वाले धर्म परिवर्तन पर रोक लगाना है।

सरकार से कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए हैं। इनमें आदिवासी संस्कृति और भाषा के संरक्षण के लिए विशेष नीतियां बनाना, स्कूलों में स्थानीय इतिहास को शामिल करना और गांव स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना शामिल है।

## एक नजर

### 10 अप्रैल तक सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण का मौका

**रायगढ़, 9 अप्रैल।** सेना में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी के विभिन्न पदों-अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन (10वीं एवं 8वीं) तथा अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) के लिए पंजीकरण जारी है। इसके साथ ही स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार (शिक्षा) एवं धर्म शिक्षक के पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले में सेना भर्ती रैली को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। जिले में अब तक 451 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है। जो युवाओं के बढ़ते रुझान और देश सेवा के प्रति उनके उत्साह को दर्शाता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित योग्यता के अनुसार समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मानपुर में 12 अप्रैल को वॉक-इन-इंटरव्यू

**मोहला 9 अप्रैल ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मानपुर में रिक्त शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय पदों को भरने के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह साक्षात्कार 12 अप्रैल 2026 रविवार को विद्यालय के संचालन स्थल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंचल चौकी के पास आयोजित होगा। अभ्यर्थियों के लिए पंजीयन का समय सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकि साक्षात्कार सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। जारी सूचना के अनुसार स्नातकोत्तर शिक्षक पीजीटी के अंतर्गत रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं वाणि'य विषयों के पदए प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी के अंतर्गत विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान एवं कला विषय के पद, साथ ही छात्रावास अधीक्षिका, काउंसलर एवं स्टाफ नर्स के पदों पर भर्ती की जाएगी। इ'छुक अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए विद्यालय की आधिकारिक 10 अप्रैल 2026 की रात्रि 11:59 बजे तक आवेदन करना अनिवार्य होगा। उम्मीदवारों से निर्धारित समय में पंजीयन कर साक्षात्कार में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### आईटीआई मगरलोड में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक

**धमतरी, 9 अप्रैल ।** स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) मगरलोड में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना 'मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना' के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस योजना के अंतर्गत वर्तमान में 'असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन' पाठ्यक्रम में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वे सभी युवा जिन्होंने न्यूनतम 10वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया है कि इस पाठ्यक्रम के लिए किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण शुल्क देय नहीं होगा, यह पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक उम्मीदवार 30 अप्रैल 2026 तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ-साथ जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। यह भी बताया गया है कि प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ शासकीय आईटीआई मगरलोड में नियत तिथि तक उपस्थित होकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

### नॉन-एल्कोहलिक पेय पदार्थों के विशेष जांच अभियान में मानकों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

**धमतरी, 9 अप्रैल ।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा राष्ट्रीय सर्विलेंस प्लान के अंतर्गत गैर मादक पेय पदार्थों–विशेष रूप से जल आधारित, सुगंधित, कार्बोनेटेड एवं गैर-कार्बोनेटेड पेयों–की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु देशव्यापी विशेष निगरानी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों में व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है।उक्त निर्देशों के पालन में धमतरी जिला के समस्त विकासखंडों में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर, एडिबल आइस, कैंडी, फल एवं सब्जी आधारित जूस (फ्रूट ड्रिंक, शरबत, स्क्वैश, गन्ना जूस, मैंगो जूस आदि) की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान गुणवत्ता, स्वच्छता, लेबलिंग, निर्माण तिथि, बैच नंबर एवं बेस्ट बिफोर जैसी अनिवार्य जानकारियों का विशेष परीक्षण किया जा रहा है।अभियान के तहत ओसेनो ब्रांड के पानी पाउच बिना बैच नंबर, निर्माण तिथि एवं बेस्ट बिफोर÷ अंकित पाए जाने पर जब्त किए गए तथा उनके विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं, धमतरी बस स्टैंड क्षेत्र में संचालित पवित्र जल पानी पाउच निर्माण इकाई बिना वैध खाद्य अनुज्ञप्ति के संचालित पाई गई, जिसे सील कर दिया गया है। जिले में संचालित सभी आइस फैक्ट्री एवं पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर इकाइयों को नोटिस जारी कर निर्धारित मानकों के अनुरूप उत्पादन एवं विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।नमूना जांच के तहत सिंहावा मिनरल्स से पानी पाउच एवं भोजवानी आइस फैक्ट्री से आइस वाटर के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। इसी कड़ी में शांति कॉलोनी चौक स्थित गोलू फल भंडार से मैंगो जूस का नमूना संकलित किया गया, जहां मौके पर जूस के रंग को आकर्षक बनाने के लिए खाद्य गाय छाप रंग मिलाए जाने की पुष्टि हुई। संबंधित नमूने को परीक्षण हेतु भेजते हुए नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, धमतरी द्वारा सभी फल जूस विक्रेताओं एवं गैर-एल्कोहलिक पेय पदार्थ निर्माताओं/विक्रेताओं से अपील की गई ।

# खरीफ सीजन से पहले उर्वरक विक्रेताओं पर सख्ती

- 16 दुकानों का किया गया निरीक्षण, अनियमितता पर 5 को कारण बताओ नोटिस
- निगरानी के लिए दल गठित, शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 अप्रैल।** आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले में रासायनिक उर्वरकों की उचित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में पिछले दो दिनों के दौरान 16 उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 5 उर्वरक विक्रय केंद्रों-गोयल फर्टिलाइजर रायगढ़, मेसर्स किसान इंटरप्राइजेज रायगढ़, अन्नपूर्णा खाद भंडार धरमजयगढ़, विक्की खाद भंडार सूपा, पुसौर एवं नरेश ट्रेडर्स सेमरा, पुसौर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिले में खाद भंडारण एवं वितरण पर कड़ी निगरानी रखने के लिए जिला स्तरीय दल का गठन किया गया है। इस दल के नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि श्री हिन्द कुमार भगत को बनाया गया है, जिनके निर्देशन में उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरंतर निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कृषि विभाग द्वारा कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। किसान टोल फ्री नंबर 07762-220213 पर कार्यालयीन समय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## रासायनिक खाद की कालाबाजारी पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश

**कांकेर, 9 अप्रैल ।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज कांकेर में बस्तर संभाग के चार जिलों कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर एवं बस्तर जिले के कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन और पशुधन विकास विभाग की अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने खरीफ की तैयारी और खरीफ सीजन के लिए उर्वरकां के भण्डारण, वितरण सहित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए उर्वरकों की कालाबाजारी पर कड़ाई से रोक लगाने के लिए निर्देशित किया। उर्वरक विक्रय केंद्रों का सघन जांच करने के साथ ही समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार विशेष रूप से उपस्थित थीं। कृषि मंत्री श्री नेताम ने बैठक के दौरान प्रत्येक जिलों में गत वर्ष में हुए उर्वरकों की खपत और खरीफ सीजन के लिए भण्डारण की जिलेवार समीक्षा करते हुए उर्वरकों की वैकल्पिक तैयारी रखने के लिए भी निर्देशित करते हुए हरी खाद की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जैविक खाद एवं जैव उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने, ग्रीष्मकालीन धान फसल के अलावा अन्य लाभकारी फसलों जिसमें कम पानी व कम लागत में अधिक पैदावार होती हो, ऐसे लाभकारी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए निर्देशित किया।

## समर्थन मूल्य पर जिले में सरसों की खरीदी प्रारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 अप्रैल।** जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों के उपार्जन की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई है। प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएम आशा ) के अंतर्गत बिलासपुर संभाग में सर्वप्रथम रायगढ़ जिले के कोड़ातराई और कोतरा सहकारी समितियों में सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू की गई। पहले दिन कोड़ातराई समिति में ग्राम तेलीपाली के कृषक श्री रामलाल पटेल एवं श्री खीरसागर पटेल से 26 क्विंटल तथा कोतरा सहकारी समिति में कृषक श्री संतराम पटेल एवं श्री बोधराम पटेल से 15 क्विंटल सरसों की खरीदी 6200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई। इससे दलहन-तिलहन उत्पादक किसानों में खुशी का माहौल है।बता दें कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला प्रशासन ने जानकारी दी है।

## पीएम जनमन योजना से वनांचल, दुर्गम क्षेत्र के बिरहोर जनजाति के घर-घर पहुंची स्वास्थ्य सेवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 9 अप्रैल।** सुदूर वनांचल और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाली बिरहोर जनजाति के लिए अब स्वास्थ्य सेवाएं दूर नहीं रहीं। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन योजना) के अंतर्गत जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सीधे गांव-गांव तक पहुंचाकर एक नई मिसाल पेश की है।

राज्य स्तर से बिरहोर जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से चार मोबाइल मेडिकल यूनिट उपलब्ध कराई गई हैं। इन यूनिट्स को धरमजयगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा और तमनार विकासखंडों में संचालित किया जा रहा है, जिससे सुदूर ग्रामों में निवासरत जनजातीय परिवारों को उनके घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट में एक चिकित्सक, स्टाफ नर्स, लैब तकनीशियन तथा वाहन चालक की सुविधा उपलब्ध है। ये टीमें तय रोस्टर के अनुसार माह में 26 दिनों तक क्षेत्र के 25 से अधिक गांवों में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सेवाएं प्रदान कर रही हैं। प्रतिदिन 20 से 30 मरीजों का उपचार किया जा रहा है, जिससे लोगों को समय पर इलाज मिल रहा है। इन यूनिट्स के माध्यम से सामान्य स्वास्थ्य परामर्श के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, शुगर, मलेरिया, टाइफाइड, हीमोग्लोबिन, प्रेग्नेंसी जांच एवं ब्लड ग्रुप जैसी विभिन्न जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मार्च माह में 4 हजार से अधिक मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया। इस दौरान 2318 मरीजों की बीपी जांच, 1768 मरीजों की रक्त जांच की गई तथा 4632 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। वहीं फरवरी माह में भी 2 हजार से अधिक लोगों को इन सेवाओं का लाभ मिला। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ा रही है, बल्कि जनजातीय समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी ला रही है। अब बिरहोर जनजाति के लोग समय पर जांच और उपचार प्राप्त कर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## बेहरामार कृषि फार्म में नील-हरित काई का उत्पादन शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 9 अप्रैल।** जिले के शासकीय कृषि प्रक्षेत्र बेहरामार में नील-हरित शैवाल का उत्पादन आज से प्रारंभ कर दिया गया है। यह पहल किसानों को सस्ता एवं जैविक उर्वरक उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नील-हरित शैवाल, जिसे सायनोबैक्टीरिया भी कहा जाता है, प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन स्थिरीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक होता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से धान की फसलों में जैव उर्वरक के रूप में किया जाता है, जिससे प्रति हेक्टेयर 25 से 30 किलोग्राम तक नाइट्रोजन की पूर्ति होती है। यह जैव उर्वरक विशेष रूप से उन खेतों में तेजी से विकसित होता है जहां पानी भरा रहता है, जिससे धान उत्पादन में बेहतर परिणाम मिलते हैं। साथ ही यह क्षारीय एवं बंजर भूमि को भी उपजाऊ बनाने में मददगार साबित होता है। कृषि विभाग ने बताया कि, इस उत्पादन को किसानों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनकी रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी और वे जैविक खेती की ओर प्रोत्साहित होंगे।

## समाचार संक्षेप

### जिले के राशन कार्डधारियों को तीन माह का चावल एक साथ वितरित



**मोहला 9 अप्रैल ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर चावल उपलब्ध कराना है।चावल उत्सव के दौरान उचित मूल्य दुकानों पर राशन कार्डधारियों को निर्धारित मात्रा में चावल, शक्कर, नमक एवं चना वितरित किया गया। साथ ही हितग्राहियों की ई-केवायसी प्रक्रिया भी पूरी कराई जा रही है, ताकि भविष्य में उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ सहजता से प्राप्त हो सके। जिले में कुल 197 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से 79,4×9 राशन कार्डधारियों के लिए खाद्यान्न का आबंटन किया गया है। इन हितग्राहियों को अप्रैल, मई एवं जून 2026 के लिए चावल एकमुश्त प्रदान किया जाएगा। वहीं, एपीएल कार्डधारियों को उनकी मासिक पात्रता के अनुसार अलग-अलग माह में चावल वितरण किया जाएगा। चावल उत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में योगदान दिया। इसी कड़ी में बीपीएल कार्डधारी श्री योगेश कुमार ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों से उन्हें समय पर तीन माह का चावल एकमुश्त प्राप्त हो रहा है। आयोजन के दौरान हितग्राहियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे उपयोगी और हितकारी बताया।

### चना, मसूर और सरसों की खेती करने वाले किसानों की पंजीयन की तिथि 20 अप्रैल तक बढ़ी

**मोहला 9 अप्रैल ।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएमआशा योजना के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत दलहनी एवं तिलहनी फसलों चनाए मसूर और सरसों की खेती करने वाले किसानों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 20 अप्रैल 2026 कर दी गई है। पहले यह तिथि ×1 मार्च 2026 निर्धारित थी। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल ङ्मपेंदण्बहण्दपबण्पद पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, जिसके लिए वे अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ ऋण पुस्तिका बी-1, पी-ण्ए आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति देना आवश्यक है।रा'य शासन के निर्देशानुसार, जिन किसानों की गिरदावली या डीसीएस अपूर्ण है, उनके फसल और रकबे के सत्यापन हेतु पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी प्रमाण पत्र मान्य किया जाएगा। इसके आधार पर अधिसूचित सहकारी समितियां उपार्जन की प्रक्रिया पूरी करेंगी। जिले में उपार्जन कार्य के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ नेफेड को केंद्रीय एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है, जो पंजीकृत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपज खरीदेगी। सरकार द्वारा रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है, जिसमें चना 5875 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों 6500 रुपए प्रति क्विंटल शामिल हैं। उपार्जन के लिए जिले में विकासखंड मोहला की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गोटाटोला और विकासखंड चौकी की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति आमाटोला को अधिकृत केंद्र बनाया गया है। किसानों से सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक उपज खरीदी जाएगी। योजना के तहत प्रति एकड़ चना 6 क्विंटल, मसूर 2 क्विंटल और सरसों 5 क्विंटल की सीमा तक समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी।

### श्रीश्याम संकीर्तन कोड़ेबोड़ में 10 अप्रैल को

**अंवरी।** ग्राम कोड़ेबोड़ में करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम के तत्व धान में 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को संध्या 7 बजे से प्रभु इच्छा तक का श्री श्याम संकीर्तन होगे जिसके भजन प्रवाहक विनय अग्रवाल रायपुर से होगे साथ में आरु साहू धमतरी ( नगरी ) से एवं भजन प्रवाहक विकास भईया भाटापारा होगे7 जिसके तैयारी मे आयोजक समिति जुटे हुऐ है।

## कलेक्टर ने जिला मुख्यालय में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 9 अप्रैल । कलेक्टर** श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा जिला मुख्यालय मोहला में निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रांजिट हॉस्टल, आईटीआई भवन, सामुदायिक भवन ऑडिटोरियम एवं सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र डिजिटल लाइब्रेरी सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों का स्थल पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान कार्यों की प्रगति गुणवत्ता तथा निर्धारित समय-सीमा का विशेष रूप से मूल्यांकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ट्रांजिट हॉस्टल, आईटीआई एवं सामुदायिक भवन ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति एवं लापरवाही पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही कहा कि कार्यों में और अधिक विलंब या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वहीं, सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत संतोषजनक पाई गई। कलेक्टर ने इस कार्य की सराहना करते हुए भी संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को इसका लाभ समय पर मिल सके। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करें कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता प्रशासन की सर्वो'च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजस्व पखवाड़ा शिविरों से ग्रामीणों को मिल रहा त्वरित समाधान

**धमतरी, 9 अप्रैल ।** जिले के सभी तहसीलों में आमजन की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से 15 जून 2026 तक तीन चरणों में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा जैसे प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। प्रथम चरण (1 से 15 अप्रैल) के अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर पटवारी एवं लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 85 से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 4,200 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 2,950 से अधिक प्रकरणों का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिले में जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक अभियान

**मोहला 9 अप्रैल ।** आकांक्षी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया। विकासखंड स्तर पर आयोजित इन कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग आईसीडीएस ने समन्वय के साथ सक्रिय भूमिका निभाई।



कुटुंब अभियान के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। इन शिविरों में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और ब'चों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही सास-बहू सम्मेलनों का आयोजन कर परिवार स्तर पर स्वास्थ्य, पोषण और स्व'छता से जुड़े विषयों पर संवाद स्थापित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीकाकरण के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे ब'चों के लिए नियमित टीकाकरण की आवश्यकता को समझाते हुए लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा कुपोषण से बचाव, संतुलित आहार, स्व'छ पेयजल, व्यक्तिगत स्व'छता और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के तहत रैली, समूह चर्चा, परामर्श सत्र और व्यवहारिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिससे आमजन को सरल और प्रभावी तरीके से स्वास्थ्य संबंधी संदेश समझाए जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से घर-घर संपर्क कर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस पूरे आयोजन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर तथा एबीपी फेलो सविता साहू सहित सभी स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रमों का सफल संचालन सुनिश्चित हुआ। विभागीय अधिकारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ती है, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता भी विकसित होती है। संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की योजना है, ताकि जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सशक्त और जागरूक बनाया जा सके।

# एटक के छत्तीसगढ़ सम्मेलन में ट्रेड डील व श्रम कानून का विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दल्ली राजहरा, 9 अप्रैल।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) का 6 वा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सम्मेलन 4 अप्रैल एवं 5 अप्रैल 2026 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस ( एटक ) के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर थे। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश एटक के अध्यक्ष आर डी सी पी राव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश एटक महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह थे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त खदान मजदूर संघ केंद्रीय के अध्यक्ष कामरेड कमलजीत सिंह मान के नेतृत्व में दल्ली राजहरा में छठवां छत्तीसगढ़ राज्य सम्मेलन का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का स्वागत के लिए संगठन की ओर से मानपुर चौक से बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ बाइक रैली निकाली गई जो कि पुराना बाजार शाहिद वीर नारायण सिंह चौक होते हुए यूनियन कार्यालय संयुक्त खदान मजदूर संघ एटक के कार्यालय पहुंची जहां पर विशाल आमसभा संपन्न हुआ।

रैली के द्वारा अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) की महासचिव कामरेड अमरजीत कौर का नगर में फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। रैली के उपरांत संयुक्त खदान मजदूर संघ कार्यालय का उद्घाटन महासचिव अमरजीत कौर के द्वारा किया गया। उसके उपरांत एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए कमलजीत सिंह मान ने स्वागत भाषण में कहा कि यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है की दल्ली राजहरा में एटक का छटवा राज्य स्त्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। दल्ली राजहरा में कई बड़े-बड़े आंदोलन हुए जहां मजदूर अपनी लड़ाई के बलबूते पर अधिकार प्राप्त किए हैं। हमारे खून में लड़ाई है हमारे खून में संघर्ष है इस मिट्टी ने हमें संघर्ष करना सिखाया है क्योंकि दल्ली राजहरा का संयुक्त खदान मजदूर संघ राजहरा के सबसे पहला संगठन है जिसने वहां के मजदूरों के लिए झंडा लेकर आया और लड़ाई लड़कर मजदूरों के हक और उनका अधिकार दिलवाया। ठेका मजदूर की बात हो या नियमित कर्मचारियों की यह दल्ली राजहरा का इतिहास है जितने भी आंदोलन मजदूर ने किया सभी में जीत हासिल की। संयुक्त खदान मजदूर संघ ने ठेका मजदूरों का सबसे पहले विभागीयकरण किया। जिससे हजारों ठेका मजदूर को लाभ मिला नियमित कर्मचारियों के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ी गई। लोगों को लगता है हमारा शहर छोटा है लेकिन दल्ली राजहरा के मजदूरों ने आंदोलन को लेकर बड़े-बड़े इतिहास रचे हैं। इसलिए हम गर्व के साथ कहते हैं कि सबसे ज्यादा मजदूरों ने इसके लिए लड़ता है तो वहां है दल्ली राजहरा।

मुख्य अतिथि कामरेड अमरजीत कौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि दल्लीराजहरा के मजदूर साथियों को मैं नमन करती हूं आपने जिस तरह से कार्यक्रम का आयोजन किया इसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देती हूं। देश का सबसे पुराना मजदूर संगठन जिनके हजारों कार्यकर्ताओं ने देश की आजादी के लिए बलिदान दिया जिसका गठन 1920 में हुआ आज हम सभी ऐसे संगठन के सिपाही बनकर देश भर के मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की असली सेवा इस देश के मजदूर और किसान कर रहे हैं। किसान खेतों में फसल उगाकर करोड़ों लोगों का पेट भरता है, और देश का मजदूर चाहे वह खदानों में, फैक्ट्री में काम करने वाले, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मध्यान भोजन बनाने वाले से लेकर निर्माण कार्यों में लगे मजदूर, स्कूल शिक्षक, अस्पताल में काम करने वाले, सड़क निर्माण में लगे मजदूर, पुल -पुलिया बनाने में लगे मजदूर, रेलवे में काम करने वाले मजदूर ही देश के सेवा एवं विकास में प्रमुख भागीदार हैं।

उन्होंने कहा परंतु दुख की बात है कि इन्हीं किसान एवं मजदूर के बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी का दंश झेलना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने खाड़ी देशों पर युद्ध थोप दिया है।उसका सबसे ज्यादा असर किसान एवं मजदूर वर्ग के परिवारों पर पढ़ने वाला है। अत्यधिक महंगाई बढ़ने के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। भविष्य में खाड़ी युद्ध यदि लंबा चला तो पेट्रोल डीजल के साथ आम आदमी की जरूरत के समान महंगा हो जाएगा, जिससे मध्यम एवं निम्न मध्यम वर्ग के परिवार को ज्यादा असर करने वाला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अमेरिका के सामने झुकने के बजाय अमेरिका की गलत नीतियों का विरोध करना चाहिए। अमेरिका का इतिहास रहा है कि अपने स्वार्थ के लिए युद्ध में धकेल ने का कार्य किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की नीति का विरोध यूरोप के देशों ने भी किया है। जिससे अमेरिका अलग-थलग पड़ता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील से किसानों पर सीधा असर पढ़ने वाला है।

उन्होंने यह भी कहा कि जो चार श्रम कानून लागू किया गया है, उससे मजदूर के निजी क्षेत्र में अधिकारों का हनन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम लोग कई लड़ाइयां लड़कर सामाजिक सुरक्षा प्राप्त की है जिसमें इपीएफईएसआई पीड़ित वेलफेयर कोड या मिनरल कोड वेलफेयर कोड और संगठित क्षेत्र के अंदर लेकिन सरकार उन्हें भी लेबर कोड लाकर छीन लेना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि काम के स्थान पर सुरक्षा हो मजदूर कभी बिजली के खंभे से गिरकर तो कभी गटर में उतरकर कभी फैक्ट्री में जलकर तो कभी आग में झुलसकर मरते हैं हमें काम के स्थान में सुरक्षा चाहिए लेकिन सरकार जो भी कानून ला रही है हमारे काम के स्थान को खतरे में डाल रही है और हमारे सुरक्षा की कानून है उसे रद्द कर रही है। हम कह रहे हैं कि हमारा वेतन बहुत कम है 1950 रुपया प्रति माह का रसोइयों को वेतन सरकार दे रही है। उन लोगों ने हड़ताल किए।

## दर्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**कोरबा 9 अप्रैल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दर्री-जमनीपाली ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया है। यह सूची पूर्व मंत्री, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर के मार्गदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अनुमोदन के पश्चात् ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने जारी किया है।

ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नई टीम में अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का यथासंभव प्रयास किया गया। श्री तिवारी ने आगे कहा कि शीघ्र ही मंडल, वार्ड एवं बूथ कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी गठित किया जावेगा। दर्री जमनीपाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के घोषित कार्यकारिणी में बैजनाथ अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर शशि साहु, संतोष ठाकुर, देवीदयाल तिवारी, सरस्वती कंवर, विनीत एक्का, मनीष सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

## सक्ती से करतला रेंज पहुंचे हाथियों के दल ने मचाया उत्पात

**कोरबा 9 अप्रैल।** सक्ती से करतला रेंज पहुंचे हाथियों ने ग्राम बोकरदा में उत्पात मचाया। जानकारी के अनुसार हाथियों के दल ने एक झोपड़ी को पूरी तरह तोड़ दिया, जिससे वहां रहने वाले परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों का दल देर रात खेतों की ओर बढ़ा और रास्ते में आने वाली फसलों को रौंदता चला गया। इस दौरान 5 किसानों की खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। किसानों ने बताया कि धान और अन्य फसलें तैयार थीं, लेकिन एक ही रात में सब चैपट हो गया। घटना के बाद ग्राम में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन हाथियों के जंगल की ओर लौटने के बाद ही स्थिति सामान्य हो सकी। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार हो रहे नुकसान से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। यदि जल्द राहत नहीं मिली तो खेती करना मुश्किल हो जाएगा।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। साथ ही नुकसान का आंकलन कर मुआवजा का भुगतान किया जाएगा। करतला रेंज में ही घूम रहे दंतैल के धरमजयगढ़ वन मंडल वापस जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। हाथियों ने बोकरदा गांव में 6 किसानों की धान की फसल को चैपट कर दिया है।

## गांव चलो-घर चलो अभियान : मंत्री टंकराम वर्मा ग्रामीणों के बीच पहुंचे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 9 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे ÷गांव चलो-घर चलो अभियान÷ के तहत बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रमों का आयोजन तेज हो गया है। इसी क्रम में तिल्दा-नेवरा के समीप स्थित ग्राम सकलोर, पेंड्री और कसहीडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विधायक एवं कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ग्रामीणों के बीच पहुंचे।





मंत्री टंक राम वर्मा ने ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर लोगों का हाल-चाल जाना और उन्हें डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और चल रहे विकास कार्यों का जमीनी स्तर पर जायजा लिया।

अप्रैल माह की तपती दोपहरी में भी मंत्री टंक राम वर्मा लगातार गांव-गांव जाकर अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। इस अभियान के तहत वे बलौदाबाजार विधानसभा के विभिन्न गांवों का दौरा कर रहे हैं।

भाजपा का यह अभियान इस समय पूरे क्षेत्र में जोर-शोर से चल रहा है। कार्यक्रम में जिला कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष आनंद यादव जिला पंचायत सभापति डॉ मोहनलाल वर्मा सिंमगा जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा महामंत्री युगल किशोर वर्मा रामकुमार साहू भागीरथी वर्मा राजेश वर्मा सहित मंडल पदाधिकारी, ग्राम सरपंच और पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

## असम में कांग्रेस सरकार, चुनाव प्रचार कर वापस आए सुशील शर्मा का दावा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 9 अप्रैल।** अखिल भारतीय काँग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं असम प्रदेश के प्रभारी जितेंद्र सिंह भँवर ने भाटापारा कृषि ऊपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा को असम प्रदेश के दरंग जिला में राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया था, अपनी नियुक्ति के पश्चात सुशील शर्मा 8 फ़रवरी से लेकर 28 अप्रैल तक तथा 19 मार्च से लेकर 8 अप्रैल तक लगभग 39 दिवसीय असम प्रदेश के दरंग जिला मंगलदाई में रहकर काँग्रेस प्रत्याशी श्रीमती रिजुमोनी तालुकदार का जोरशोर से सघन चुनाव प्रचार किया है।

सुशील शर्मा ने वापस आने पर बताया कि इस बार असम प्रदेश में काँग्रेस पार्टी गौरव गोगाई के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है पूरे प्रदेश में काँग्रेस के पक्छ में जोरदार लहर चल रही है जनता जनार्दन प्रदेश में परिवर्तन करने को आतुर दिखाई दे रहे है, भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा अपनी तानाशाही नीतियों के कारण जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुके है। सुशील शर्मा ने अपनी सजग और जुझारू कार्यशैली के अनुरूप ईमानदारी और सक्रियता पूर्वक कार्य कर वापस गृह निवास भाटापारा आ चुके है।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/41/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा नेवरा दिनांक- 08/04/26

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बिणा देवी पति श्री नन्दलाल गुप्ता एवं श्रीमती संगीता गुप्ता पति श्री नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता वार्ड क्रं. 19 बालाजी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत, श्रीमती भमीडी परी पति विजय लक्ष्मी वार्ड क्रं. 19 बालाजी वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री पेपर एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 19 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

### कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/43/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा नेवरा दिनांक- 08/04/26

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता श्री गुलाईची प्रसाद गुप्ता एवं श्रीमती संगीता गुप्ता पति श्री नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता वार्ड क्रं. 19 बालाजी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री एच. के. हिजिकिएल पिता श्री हिजिकिएल लाल वार्ड क्रं. 19 बालाजी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री पेपर एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 19 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज, के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक..................को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

### कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/45/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा नेवरा दिनांक- 08/04/26

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती निर्मला निषाद पति श्री युगल किशोर निषाद वार्ड क्र. 06 संतकंवर वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री सहदेव निषाद् पिता श्री भुनरू निषाद वार्ड क्रं. 06 संत कंवर वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का शपथ पत्र/सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 06 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .............. को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

### कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/47/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा नेवरा दिनांक- 08/04/26

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशीष कुमार नशीने पिता श्री विनोद लाल नशीने वार्ड क्रं. 16 पं. दीनदयाल वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रातर्गत श्रीमती अचंला पति श्री विनोद लाल नशीने वार्ड क्रं. 16 पं. दीनदयाल वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का शपथ पत्र/वसीयत नामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 16 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नही हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक..................को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

### कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/49/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा नेवरा दिनांक- 08/04/26

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विश्राम सोनवानी पिता स्व. श्री कामदार सोनवानी वार्ड क्रं. 01 शंकर वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री कामदार सोनवानी पिता श्री भंगी सोनवानी वार्ड क्रं. 01 शंकर वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 01 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक.................को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़-1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202604095200006

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2025-2026
हरनसिंघी प.ह.न. 00021 [ 625/4(0.0860 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- दुखहरण साहू,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुखहरण साहू पिता भादू साहू जाति तेली सा. पटपर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि कृषक ग्राम हरनसिंघी प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. बेलगांव तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 247 में ख.नं. 625/4 रकबा 0.0860 हे. कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.0860 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में दुखहरण साहू पिता भादू साहू सा. पटपर के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है। मूल ऋण पुस्तिका गुम होने का पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, पुलिस थाना रिपोर्ट, चालान, आदेय प्रमाण पत्र आदि के साथ पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 20.04.2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202604092200012

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2025-2026
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- राजा भाटिया,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजा भाटिया आ. मनजीत सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री गुरमेहर कौर भाटिया आ. राजा भाटिया का जन्म दिनांक 13/11/2020 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, डोंगरगढ़

### नाम परिवर्तन

मैं अमित मालू मेरा नाम पहले सभी दस्तावेजों में अमित मालू वल्द अशोक मालू के नाम से अंकित था। जिसे मैंने अपना नाम बदलकर अब सभी दस्तावेजों में अमित जैन कर लिया है। अतः अब मुझे अमित जैन के नाम से जाना जावे। अब मुझे अमित जैन के नाम से समस्त दस्तावेजों में तथा शासकीय व अर्ध शासकीय दस्तावेजों में अमित जैन के नाम से पढ़ा एवं लिखा जावे।

घोषणाकर्ता
अमित जैन
रायपुर

### कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/22/न.पा.प./लो.नि.वि./2026-27 — कवर्धा, दिनांक 06/04/2026

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित निर्माण/विकास कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य विवरण | कुल अनु.लागत राशि (लाख में) | नि.प्र. प्रदाय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | बुद्ध मुर्ति स्थल नवीनीकरण कार्य, कवर्धा नगरीय। (विधायक निधि) | 4.00 | 20.06.2026 |
| 02 | वार्ड क्रं. 21 में बड़े तालाब (जमात मंदिर के पास) सार्वजनिक मंच/चबुतरा निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 3.50 | --''-- |
| 03 | सीसी रोड निर्माण कार्य, अजय यादव के घर से महामाया मंदिर तक वार्ड क्रं. 10 (विधायक निधि) | 0.91 | --''-- |

2-उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद कवर्धा

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, दन्तेवाड़ा

फोन/फैक्स नं. 07856-252362 ई-मेल-eedan-phe-cg@nic.in

निविदा सूचना क्रं./02/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड,/2026 — दन्तेवाड़ा, दिनांक 01.04.2026

**मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से समुह वार मुहरबंद निविदाएँ प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर दन्तेवाड़ा जिले के अंतर्गत 11/04 के.व्ही. 1×200 के.व्ही. का निम्न कार्य के लिए डी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत कार्य के अनुभवी तथा विद्युत कार्य लाईसेंस धारी ठकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्र. | कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत रू. लाख में | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के ग्राम दन्तेवाड़ा में इंटेकवेल के पास डिस्ट्रीब्युशन ट्रार्सफार्मर सब स्टेशन का कार्य | प्रथम | 11.64 | 13.04.2026 |

नोटः- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 13.04.2026 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दंतेवाड़ा

जी-262700079/5

### कार्यालय ब अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

Phone:- 07775-266048 — E-Mail ID: ee-res.surajpur@gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/442/वलेलि/ग्रा.यां.से/2026-27 — सूरजपुर दिनांक 07/04/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत सिविल/विद्युत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि सत्य सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोष्ट से जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Zonal tender under Janpad Panchayat Surajpur, Bhaiyathan, Odgi, Pratappur. Ramanujnagar & Premnagar Distt-Surajpur (C.G.) Groups 1 to 5, for each Janpad Panchayat | 100.00 | 20.04.206 17:30 PM | 22.04.2026 17:00 PM |
| 2 | Construction of 4 Additional Rooms at PM-SHRI Swami Atmanand English Medium School (Current Campus) in Gram Panchayat Kalamanjan | 30.44 | 21.04.2026 17:30 PM | 23.04.2026 17:00 PM |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 06.04.2026 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ प्राप्त की जा सकती है।

(संजय कुमार गोंड़)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सूरजपुर जिला-सूरजपुर

जी-262700090/9

## एक नजर

### विवेकानंद स्कूल खोलने एवं बस्तर के समग्र विकास के लिए आभार

**रायपुर, 9 अप्रैल।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, उपाध्यक्ष बलराम आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर प्रदेश के हर ब्लाक में विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूल खोलने की योजना का स्वागत करते हुए कहा कि छ0ग0 में पुराने स्कूलों की हालत जर्जर हो गई है। इस परिस्थिति में हर ब्लाक में नये विवेकानंद स्कूल खोलने का निर्णय स्वागत योग्य है इस योजना में 100 करोड़ खर्च कर पहले चरण में 150 स्कुल खोली जायेगी जिसमें इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास और आधुनिक सुविधाएँ दी जायेगी। दूसरी बात आपने प्रधानमंत्री मोदी से भेंट कर उन्हें बस्तर के समग्र विकास के लिए शिक्षा, चिकित्सा व पर्यटन का मुख्य लक्ष्य रखते हुए प्रधानमंत्री को कार्य योजना सौंपी है तथा उन्हें मानसून के बाद बस्तर आमंत्रित करते हुए विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करने हुए आमंत्रण दिया है। मानसून के बाद प्रधानमंत्री के दौरे से बस्तर के चहुमुखी विकास के द्वार खुल जायेगें। यह कार्य भी आपका स्वागत योग्य है। नक्सली समस्या के कारण जो बस्तर पिछड़ गया था। अमित शाह व आपके नक्सल उन्मूलन के बाद अब आपके नेतृत्व में बस्तर का तेजी से विकास होगा।



### इंटीरियो ने रायपुर में 5,000 वर्गफीट का अपग्रेडेड स्टोर शुरू किया



**रायपुर, 9 अप्रैल।** गोदरेज एंटरप्राईज़ ग्रुप के प्रमुख फर्नीचर ब्रांड, इंटीरियो बाय गोदरेज ने रायपुर में अपग्रेडेड स्टोर शुरू किया है। इसका उद्देश्य शहर में बेहतर रिटेल अनुभव प्रदान करना और शानदार डिज़ाईन उपलब्ध कराना है। साथ ही, कंपनी ने अपनी ''मूमेंट्स दैट मैटर'' (एमटीएम) स्टडी भी जारी की है, जिसमें यह जानने की कोशिश की गई है कि घरों में दैनिक अनुभव किस प्रकार लोगों के भावनात्मक स्वास्थ्य, संबंधों और आराम को प्रभावित करते हैं। यह स्टोर 5, 000 वर्गफीट में फैला है, जो ग्राहकों को आधुनिक भारतीय घरों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन पेश करता है। इस स्टोर में बेडरूम, लिविंग रूम और डाईनिंग के लिए मॉड्युलर फर्नीचर, अनुकूलित फर्नीचर और व्यक्तिगत फर्नीचर उपलब्ध है। ब्रांड ने सॉफ्ट फर्निशिंग की नई रेंज भी पेश की है। डॉ. देव नारायण सरकार, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड ऑफकंज्यूमर बिज़नेस (बी2सी), इंटीरियो बाय गोदरेज ने आज एक पत्रवार्ता में बताया कि, ''हमारी 'मूमेंट्स दैट मैटर' स्टडी में एक बदलाव सामने आया है। इसमें उजागर हुआ है कि डिज़ाईन लोगों के एहसास, संबंधों और आराम को किस प्रकार प्रभावित करता है। रायपुर में हमारे अपग्रेडेड स्टोर में हमने इस स्टडी के नतीजों को शामिल करके ऐसे दिलचस्प अनुभव पेश किए हैं, जो ग्राहकों को ऐसे स्पेस बनाने में मदद करेंगे, जो उनकी जीवनशैली को प्रदर्शित करते हों। डॉ. एलिशा लालजी, प्रैक्टिसिंग साइकोलॉजिस्ट, साइकोथेरेपिस्ट और एजुकेटर ने कहा, ''हमारी भावनात्मक और मानसिक सेहत में हमारे चारों ओर के वातावरण की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बेहतरीन डिज़ाईन के स्पेस ध्यान लगाने, संबंध मजबूत बनाने या सुकून देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा संतुलन और अपनेपन की भावना का विकास करते हैं।

### निधन

### प्रगति यादव



**रायपुर, 9 अप्रैल।** कु. प्रगति यादव (तरुणी प्रमुख, रायपुर महानगर, राष्ट्र सेविका समिति) का निधन आज हो गया है। जिसकी अंतिम यात्रा 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे निवास स्थान मठपारा से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे भगत सिंह यादव की सुपुत्री तथा रायपुर विभाग के सामाजिक समरसता प्रमुख राजेन्द्र सिंह व पूर्व पार्षद नरेन्द्र सिंह यादव की भतीजी थीं।

# छत्तीसगढ़ में एआई आधारित शिक्षा की नई शुरुआत

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गूगल इंडिया प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**रायपुर, 9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा को भविष्य की तकनीकों से जोड़ते हुए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया के प्रमुख संजय जैन एवं गूगल इंडिया के पब्लिक पॉलिसी प्रमुख राकेश रंजन ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने अतिथियों का पारंपरिक सम्मान करते हुए उन्हें शॉल एवं बस्तर कला की प्रतिकृति भेंट की।

गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया के प्रमुख संजय जैन ने रायपुर जिला प्रशासन और गूगल के मध्य हुए लेटर ऑफइंटेंट की जानकारी साझा करते हुए बताया कि रायपुर जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में AI सक्षम शिक्षा अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के माध्यम से स्कूल शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित




नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सक्षम शिक्षक अभियान के तहत राज्य में शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल टूल्स और AI आधारित शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल के प्रथम चरण की शुरुआत रायपुर से की जाएगी, जिसके बाद इसे राज्य के सभी जिलों में विस्तार दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 2 लाख से अधिक शिक्षकों को AI प्रमाणन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए गूगल फॉर एजुकेशन अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म को निःशुल्क उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है, जिससे शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त किया जा सके। कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक चरण में 200 शिक्षकों की सहभागिता से विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें गूगल फॉर एजुकेशन टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, कक्षा शिक्षण में AI के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### शिक्षक-विद्यार्थियों के लिए परिवर्तनकारी : सीएम

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि AI सक्षम शिक्षा अभियान जैसे कार्यक्रम शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए परिवर्तनकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को AI आधारित प्रशिक्षण और डिजिटल संसाधनों से सशक्त कर कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है। छत्तीसगढ़ को एक ऐसे ज्ञान-आधारित और तकनीकी रूप से सशक्त राज्य के रूप में स्थापित करना, जहाँ हर विद्यार्थी को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अवसरों से भरपूर शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर एक सशक्त, आधुनिक और तकनीक-सक्षम शिक्षा व्यवस्था का निर्माण करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश बंसल, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रायपुर पुलिस का 'ऑपरेशन कालचक्र'

## आसमान से रहेगी अपराधियों व नशा तस्करों पर नजर

**रायपुर, 9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए रायपुर पुलिस ने अब 'हाईटेक' रास्ता अख्तियार किया है। शहर में बढ़ते अपराधों और नशे के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए ऑपरेशन कालचक्र के तहत अब ड्रोन पेट्रोलिंग शुरू की गई है। इसके जरिए पुलिस न केवल अपराधियों पर नजर रख रही है, बल्कि ठोस सबूत जुटाने के लिए लाइव वीडियो मॉनिटरिंग भी कर रही है।

### इन इलाकों में कड़ी निगरानी

पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर के नेतृत्व में यह विशेष अभियान मुख्य रूप से संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में चलाया जा रहा है। वर्तमान में खमतराई, उरला, गुढ़ियारी, पंडरी और खम्हारडीह जैसे थाना क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। यहाँ ड्रोन कैमरों की



मदद से उन गलियों और अड्डों की निगरानी की जा रही है जहाँ पुलिस की गाड़ियां आसानी से नहीं पहुँच पातीं।

### निशाने पर बदमाश और नशा माफिया

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अड्डेबाजी को खत्म करना और पुराने अपराधियों, फरार वारंटियों व गुंडा तत्वों में खौफपैदा करना है।

### जमीन और आसमान से 'डबल अटैक'

**आसमान से:** ड्रोन के जरिए संदिग्ध गतिविधियों, चाकूबाजों और नशा करने वालों की लाइव लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

**जमीन पर:** बाइक पेट्रोलिंग और पैदल गश्ती दल को ड्रोन से मिलने वाली सूचनाओं के आधार पर तुरंत मौके पर भेजा जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, ड्रोन से की जा रही रिकॉर्डिंग का उपयोग अदालत में साक्ष्य के रूप में भी किया जाएगा, जिससे अपराधियों को सजा दिलाना आसान होगा। अधिकारियों का कहना है कि तकनीक के इस प्रयोग से आम जनता के बीच सुरक्षा का भाव बढ़ेगा और आने वाले दिनों में रायपुर के अन्य जोन में भी ड्रोन पेट्रोलिंग का विस्तार किया जा सकता है।

# रायपुरा लूट कांड का खुलासा, 5 गिरफ्तार

**रायपुर, 9 अप्रैल।** राजधानी रायपुर पुलिस और एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट ने डीडी नगर इलाके में लूट की वारदातों का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने 3 नाबालिग समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की 03 नग मोबाईल फोन, घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन एवं चाकू जप्त किया गया है।

### चाकू की नोक पर लूट

जानकरी के अनुसार, ये हादसा उस वक्त हुआ जब पिछले दिनो बीजेपी नेत्री के छोटे भाई अपने काका को निजी अस्पताल से देखकर सेक्टर-06 भिलाई स्थित घर लौट रहे थे। तभी रायपुरा ओवर ब्रिज के पास रात डेढ़ बजे से 02 बजे के बीच किया शो रूम के पास उसकी गाड़ी खराब हो गई। इसी दौरान तीन अज्ञात लड़के स्कुटी में आये और चाकू की नोक पर आई फोन 12 एवं बैग में रखें दस्तावेज, एटीएम कार्ड व पासबुक समेत 50 हजार नगदी लूटकर फरार हो



गये थे। पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों की तलाश में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिटऔर थाना डी डी नगर पुलिस की संयुक्त टीम अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।

तकनीकी विश्लेषण एवं आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये गये वाहनों के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। उसके बाद पुलिस ने दबिश देकर प्रकरण में 02 आरोपी और 03 नाबालिगों सहित कुल 05 शातिर लुटेरो को पकड़ा। पूछताछ में उनके द्वारा लूट की उक्त घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

# ईसाई बन जाओ, नहीं तो नौकरी छोड़ दो

## एक निजी स्कूल में धर्मांतरण का दबाव, पीड़ितों ने सुनाई आपबीती

**रायपुर, 9 अप्रैल।** राजधानी के एक इंग्लिश स्कूल में हिंदू कर्मचारियों पर धर्मांतरण करने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। उन्हें हिंदू से ईसाई बनने के लिये दबाव डाला जा रहा है। सैलरी नहीं दी जा रही है। इतना ही नहीं पीएफ का पैसा भी रोक दिया गया है। इससे परेशान होकर पीड़ितों ने पुलिस प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। इस संबंध में सिविल लाइन थाना और आदिवासी थाना बूढ़ापारा में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है।

### रायपुर में मचा हड़कंप

इस चौंकाने वाले मामले को लेकर रायपुर में हड़कंप मचा हुआ है। स्कूल प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर लगातार विवाद गहराता जा रहा है। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि उन्हें सैलरी नहीं मिल रही है। पिछले दो वर्षों से स्कूल प्रबंधन ने उनका पीएफका पैसा रोक दिया है। कहा जा रहा कि ईसाई बन जाओ नहीं, तो नौकरी छोड़ दो। जब वो अपनी सैलरी मांगती है, तो उन पर बाइबल पढ़ने और बार-बार धर्म बदलने के लिए दबाव डाला जा रहा है। हमें हमारा हक का पैसा नहीं मिल रहा है। ऐसा नहीं करने पर परेशान किया जाता है।

### हिंदू रीति-रिवाज से पूजा पाठ करने पर भी रोक

इतना ही नहीं हिंदू रीति-रिवाज से पूजा पाठ करने, दीपक जलाने पर भी रोक लगाई जा रही है। कहा जा रहा है कि ईसाई पद्धति से पूजापाठ करो। हिंदू रीति-रिवाज छोड़ दो, तो समय से सैलरी और पीएफमिलेगा। स्कूल में आया-बाई का काम करने वाली कुछ महिलाएं अपनी शिकायत को लेकर घर वापसी अभियान से जुड़े प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के निवास पर पहुंचीं और अपनी व्यथा सुनाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने महिलाओं को आश्वासन दिया है कि इस पूरे प्रकरण को संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के सामने उठाया जाएगा और निष्पक्ष जांच कराई जायेगी।

# नवकार महामंत्र का किया गया जाप

**रायपुर, 9 अप्रैल।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में विश्व नवकार दिवस 9 अप्रैल को प्रातः 8.30 बजे से नवकार महामंत्र का जाप किया गया। जिसमें जैन साध्वी स्नेहयशा की सुशिष्याओं ने निश्रा प्रदान की। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि नवकार महामंत्र के नव पदों के उच्चारण की ध्वनि तरंगों से विश्व शांति, अहिंसा, जीव दया के वातावरण का निर्माण होता है, नमस्कार महामंत्र में पंचपरमेष्ठी के 108 गुणों का स्मरण किया जाता है। एक पक्की माला में 108 बार नवकार का जाप होता है। पूरे भैरव सोसायटी, दावड़ा, रिगालिया वालफोर्ड, जैनम, आम्रपाली शांति रेसीडेंसी व आसपास के 1000 से ज्यादा जैन परिवारों में भाई बहनों ने 9 - 9 नवकार की पक्की माला का जाप किया। भगवान सीमंधर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर जन्मकल्याणक पखवाड़े के तहत मूक पशु पक्षियों की सेवा व मानव सेवा के प्रकल्प हो रहे हैं, ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में 10 अप्रैल को जयपुर पैर का वितरण किया जावेगा।

# 2 चूना पत्थर खदानें सील, 7 हाईवा जब्त

**रायपुर, 9 अप्रैल।** आरंग विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफखनिज विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए मंदिर हसौद में बड़ी कार्रवाई की है। सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व में टीम ने दो चूना पत्थर (क्रेशर) खदानों को सील करने के साथ-साथ अवैध परिवहन में लगे 7 हाइवा वाहनों को भी जब्त किया है।

जांच के दौरान खदान संचालकों के पास आवश्यक दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए गए, जिसके चलते तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए खदानों को सील कर दिया गया। जिन खदानों पर कार्रवाई हुई, उनमें सीजी एग्रो फार्म (विपिन अग्रवाल एवं के.सी. अग्रवाल), मंदिर हसौद और जय कुमार बजाज, मंदिर हसौद शामिल हैं।

जिनमें एक वाहन रेत से भरा हुआ और 6 वाहन गिट्टी (स्टोन) से भरे हुए पाए गए। बताया जा रहा है कि ये सभी वाहन बिना वैध दस्तावेज



के खनिज का परिवहन कर रहे थे, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा था। विभाग ने सभी वाहनों को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि खनिज विभाग के संचालक रजत बंसल के निर्देशानुसार अब पूरे राज्य में खदान संचालन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से करना अनिवार्य है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# कांग्रेस नफरत का कचरा फैला रही है : संजय श्रीवास्तव

**रायपुर, 9 अप्रैल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे द्वारा एक जनसभा में दिए गए भाषण जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है को लेकर छत्तीसगढ़ में भी जमकर बवाल हो रहा है.भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान की तीखी निंदा की है तथा कहा है कि यह तुष्टीकरण की पराकाष्ठा है.कांग्रेस को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ेगा.नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि कांग्रेस के नेता मोहब्बत की दुकान की बातें करते रहे हैं, और इसका खूब प्रचार किया गया, अब दिख रहा है कि मोहब्बत की दुकान से यह लोग नफरत का कितना अधिक कचरा फैला रहे हैं. उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक वर्ग को नीचा दिखाकर कांग्रेस कभी भी सत्ता में नहीं आ सकेगी.

निगम अध्यक्ष श्रीवास्तव ने, कहा है कि कांग्रेस के नेता आखिर ऐसा बोल कैसे लेते हैं.इन लोगों में इतना साहस कहां से आता है. क्या इन लोगों को यह नहीं मालूम है कि इसका उन्हें, सभी क्षेत्रों में बहुत करारा जवाब मिलेगा.इनके नेताओं के भाषणों से यह साफहो जाता है कि यह लोग देश को तोड़ने वाले लोग हैं और इन लोगों को भारत देश के हितों की कोई चिंता नहीं है. श्रीवास्तव ने कहा कि राजनीतिक मंच से देश के बहुसंख्यक वर्ग के लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश करना, इन लोगों की विकृत मानसिकता को प्रदर्शित करता है.इससे पता चलता है कि ऐसे लोग हिंदू समाज के कितने घोर विरोधी हैं और हिंदू समाज को यह लोग कितना नीचे देखना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र, आजादी के बाद से हमेशा शक के दायरे में रहा है. देश के मूल निवासियों को कांग्रेस ने हमेशा पीछे धकेलने की कोशिश की है.

# देवांगन समाज के सैकड़ों परिवार अवैध धर्मांतरण के शिकार

**रायपुर, 9 अप्रैल।** पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे प्रकरण सामने आए है जहां धर्मांतरण से जुडे विवादों ने सामाजिक तनाव और विभाजन की स्थिति उत्पन्न की है। अनेक मामलों में यह चिंता व्यक्त की गई है कि आस्था परिवर्तन स्वैच्छिक न होकर प्रलोभन, दबाव या अनुचित प्रभाव के माध्यम से किया गया जिससे समाज के भीतर असंतुलन और सांस्कृतिक विघटन की स्थिति बनी। प्रदेश में देवांगन समाज के सैकडो परिवार अवैध धर्मांतरण के शिकार हो चुके है। देवांगन समाज धर्मांतरण के खिलाफ जनजागरण एवं घरवापसी अभियान चलाएगा। यह बात आज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन व प्रदेश प्रभारी डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने पत्रवार्ता में दी।

» **समाज चलायेगा जनजागरण एवं घरवापसी का अभियान**

ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक था कि धर्म परिवर्तन से जुड़े विषयों को स्पष्ट विधिक ढाँचे में लाया जाए ताकि वास्तविक धार्मिक स्वतंत्रता सुरक्षित रह सके और उसके दुरुपयोग की संभावनाओं को रोका जा सके हमने सामाजिक स्तर पर भी इसकी मांग की थी। अब हमारे सामने छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक 2026 आया है तब यही कहा जा सकता है कि इस विधेयक का पारित होना एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारा समाज इस विधेयक के पारित होने का न सिर्फसमर्थन करता है बल्कि यह भी आशा करता है कि इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत सामाजिक संतुलन और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ किया जा सकेगा।

# रायपुर-उरकुरा-मांढर रेलखंड में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली

**रायपुर, 9 अप्रैल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ रेल परिचालन की क्षमता बढ़ाने हेतु निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपना रहा है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-उरकुरा एवं उरकुरा-मांढर रेलखंड पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली का सफ्लतापूर्वक कमीशनिंग किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत रायपुर-उरकुरा (लगभग 3 किलोमीटर, डबल लाइन) तथा उरकुरा-मांढर (लगभग 9 किलोमीटर, ट्रिपल लाइन) रेलखंड पर कुल 12 किलोमीटर लंबाई में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू की गई है, जो डबल लाइन समतुल्य लगभग 21 किलोमीटर के बराबर है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस परियोजना के तहत अब तक कुल 21 किलोमीटर डबल लाइन समतुल्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

इस आधुनिक प्रणाली के अंतर्गत 14 नए ऑटोमेटिक सिग्नल एवं 2 सेमी-ऑटोमेटिक सिग्नल स्थापित किए गए हैं। साथ ही कुल 80 डिजिटल एक्सल काउंटर लगाए गए हैं, जिनमें ड्यूल डिटेक्शन एवं मीडिया डाइवर्सिटी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे ट्रेन की सटीक एवं रीयल-टाइम स्थिति का पता लगाया जा सकता है।

रायपुर-उरकुरा खंड में अप एवं डाउन लाइनों पर 3-3 ऑटो सेक्शन तथा उरकुरा-मांढर खंड में अप, डाउन एवं मिड लाइन (द्विदिशीय) पर 4-4 ऑटो सेक्शन बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, इंटर-स्टेशन ब्लॉक इंटरफेस ट्रांसमिशन के लिए यूनिवर्सल फेल-सेफ ब्लॉक इंटरफेस प्रणाली तथा उरकुराङ्कमांढर खंड में मिड लाइन के लिए डायरेक्शन सेटिंग पैनल की सुविधा भी प्रदान की गई है।

संरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समपार फाटक संख्या 417 पर एक नया ऑटो हाट भी स्थापित किया गया है, जिससे सिग्नलिंग प्रणाली की विश्वसनीयता और बेहतर हुई है।

ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू होने से अब एक ही ब्लॉक सेक्शन में एक ही दिशा में एक से अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हो गया है। इससे ट्रेनों की गति में वृद्धि, समय की बचत तथा लाइन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब ट्रेनों को आगे बढ़ने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता, जिससे परिचालन अधिक सुचारु एवं कुशल हो गया है।

रेलवे में सिग्नलिंग प्रणाली का आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा परिचालन की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है, जिससे न केवल ट्रेनों की गति और संख्या में वृद्धि हो रही है, बल्कि यात्रियों को संरक्षित एवं विश्वसनीय यात्रा अनुभव भी सुनिश्चित हो रहा है।

### छग के दूर-दराज़ के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को किया जा रहा मजबूत

**रायपुर, 9 अप्रैल।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ ऐसे राज्य हैं जिन्हें विरोधाभासी कहा जाता है क्योंकि एक तरफतो ये खनिजों से समृद्ध हैं, देश की मिनरल इकॉनमी इन पर बहुत निर्भर है; यहां से उद्योगों को कोयला, बॉक्साइट, एल्युमीनियम और लौह अयस्क की आपूर्ति होती है, जिससे उद्योगों की वृद्धि होती है। फ़िर भी, उनके कई ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़े अभी भी देश के औसत स्तर से पीछे हैं। इन इलाकों तक पहुंचने की कठिनाई, पोषण की कमी और उत्तम स्वास्थ्य व चिकित्सा सेवाओं की कमी लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। खनन और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व) और स्वास्थ्य हस्तक्षेप इन भौगोलिक चुनौतियों से निपटते हैं, ताकि दूरस्थ इलाकों तक कनेक्टिविटी को सुनिश्चित किया जा सके और स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाली रुकावटों को दूर किया जा सके। ओडिशा और छत्तीसगढ़ के पिछड़े इलाकों में प्रचालन करने वाली वेदांता एल्युमीनियम ने हाल के वर्षों में दूर-दराज इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पर ध्यान केन्द्रित किया है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है : कल्पना



**रायपुर, 9 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपने निवास पर पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के संस्थापकों, वरिष्ठ नेताओं एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और समर्पण को नमन किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना और अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करने वाली एक सशक्त विचारधारा है। पार्टी का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है और इसी संकल्प के साथ भाजपा निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं के समर्पण और संघर्ष के बल पर आज भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित हुई है। यह उपलब्धि प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा का परिणाम है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26